


Samyak

An Institute For Civil Services

# मासिक समसामयिकी

# करेंट अफेयर्स

## जून - 2025

**विशेष आकर्षण**

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी




# INDEX


| | | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान समसामयिकी | 1 – 10 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 11 – 13 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 14 – 16 |
| 4 | अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 17 – 21 |
| 5 | अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 22 – 25 |
| 6 | खेल परिदृश्य | 26 – 30 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 31 – 32 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 33 – 35 |
| 9 | चर्चित स्थल | 36 – 41 |
| 10 | इंडेक्स एवं रिपोर्ट | 42 – 44 |
| 11 | महत्वपूर्ण दिवस | 46 –47 |


# करेंट अफेयर्स

## जून : 2025

Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur

# 1. राजस्थान परिदृश्य (26 जून तक)

## प्रमुख कार्यक्रम, योजनाएँ, अभियान

**अरावली ग्रीन वॉल परियोजना**

- केंद्र सरकार की यह परियोजना गुजरात के पोरबंदर से हरियाणा के पानीपत तक फैलेगी।
- इसकी कुल लंबाई 1400 किमी और चौड़ाई 5 किमी होगी।
- इसमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और दिल्ली के 29 जिले शामिल हैं, जिनमें राजस्थान के सबसे अधिक 19 जिले शामिल हैं।
- अरावली क्षेत्र में सबसे ज्यादा भूमि क्षरण उदयपुर में दर्ज किया गया है।

**धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान**

- इस राज्य स्तरीय अभियान की शुरुआत 16 जून 2025 को उदयपुर के कोटड़ा ब्लॉक से की गई।
- इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों का समग्र विकास है।
- राजस्थान के 37 जिलों के 6,019 गांव इसमें शामिल हैं।
- 15 जुलाई 2025 तक चलने वाले इस अभियान में 18 विभाग संयुक्त शिविर लगाएंगे।
- इसमें योजनाओं की पहुंच, सतत कृषि, जल प्रबंधन, महिला व युवा सशक्तिकरण, और जनजातीय संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया गया है।

**वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना : 2025- 20256**

- मुख्यमंत्री ने 6 जून 2025 को इस योजना का उद्घाटन किया।
- 'राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' जयपुर के दुर्गापुरा स्टेशन से रवाना हुई।
- योजना के तहत 50,000 वरिष्ठ नागरिकों को 13 तीर्थस्थलों की यात्रा एसी ट्रेनों से कराई जाएगी।
- साथ ही, लगभग 6,000 श्रद्धालु हवाई मार्ग से नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे।

**वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान**

- 5 जून 2025 को राजस्थान सरकार ने इस अभियान की शुरुआत बूंदी के केशोरायपाटन से की।
- यह 5 से 20 जून 2025 तक राज्य के सभी 41 जिलों में चलेगा।
- इसकी टैगलाइन है – “पाणी रो मान राखो, जीवण रो ध्यान राखो।”
- नोडल एजेंसी: जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग।
- उद्देश्य: जल संरचनाओं का सुधार, भूजल स्तर का पुनर्भरण, जल प्रदूषण में कमी, और जल उपयोग की आदतों में सुधार।
- इसमें जलाशयों, एनीकट्स, नहरों की मरम्मत, सिंचाई क्षमता वृद्धि और जल संचयन कार्य शामिल हैं।

**"आपणो गांव - साफ सुथरो गांव" अभियान**

- 13 जून 2025 से यह स्वच्छता अभियान शुरू किया गया।
- उद्घाटन कोटा जिले के मोड़क गांव (रामगंजमंडी) से होगा।
- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसका शुभारंभ किया।
- उद्देश्य: स्वच्छ भारत मिशन को गांवों तक प्रभावी रूप से लागू कर हर गांव में स्वच्छता सुनिश्चित करना।

**‘हर खेत को पानी’ अभियान के लिए वित्तीय सहायता**

- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत राजस्थान को केंद्र सरकार से ₹16.50 करोड़ की मंजूरी मिली है।
- यह राशि कोटा, बूंदी और टोंक जिलों में 84 RRR (मरम्मत, नवीनीकरण, पुनर्स्थापन) परियोजनाओं पर खर्च होगी।
- इन परियोजनाओं से 4,404 हेक्टेयर भूमि पुनः सिंचाई योग्य बन सकेगी।
- इस योजना में केंद्र और राज्य की वित्तीय भागीदारी 60:40 के अनुपात में है।

**वेयरहाउस और लॉजिस्टिक इकाइयों के लिए भूखंड आवंटन नीति में संशोधन**

- राजस्थान में लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए RIICO ने अपनी भूखंड आवंटन नीति में बदलाव किया है।
- यह संशोधन राजस्थान लॉजिस्टिक नीति-2025 के तहत किया गया है।
- नए औद्योगिक क्षेत्रों में लॉजिस्टिक इकाइयों के लिए भूखंड आरक्षित किए जाएंगे और समर्पित लॉजिस्टिक क्षेत्र विकसित होंगे।
- अब लॉजिस्टिक्स की परिभाषा माल के परिवहन से आगे बढ़ाकर उत्पादन, भंडारण, उपभोग और मूल्य संवर्धन जैसे बिंदुओं तक विस्तारित की गई है।
- लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में बंदरगाह, रेलवे स्टेशन, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, ड्राई पोर्ट, कंटेनर डिपो, ट्रक पार्किंग और ट्रकर्स के विश्राम स्थल शामिल होंगे।
- ये सभी सुविधाएं 18 मीटर या उससे चौड़ी सड़कों पर ही स्थापित की जा सकेंगी।

**राजस्थान के 10 शहरों में डिजिटल मैपिंग**

- राज्य के 10 शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से सम्पूर्ण भूमि क्षेत्र की डिजिटल मैपिंग की जाएगी।
- यह प्रक्रिया एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की जा रही है, जिसके बाद इसे अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।
- पायलट शहर: भिवाड़ी, किशनगढ़, ब्यावर, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर, पुष्कर, बगरू, बहरोड़, नवलगढ़ और नाथद्वारा।
- इससे प्रत्येक भूखंड का रिकॉर्ड तैयार होगा और भूमि बैंक बनाया जाएगा।
- परियोजना के तहत सीवर, स्ट्रीट लाइट, मेनहॉल आदि नागरिक सुविधाएं भी डिजिटल नक्शे में दर्ज की जाएंगी।
- यह कार्य भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित ‘नक्शा’ प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जा रहा है।

## चर्चित व्यक्तित्त्व

### उत्कल रंजन (U.R.) साहू बने RPSC अध्यक्ष

- राजस्थान के पूर्व डीजीपी उत्कल रंजन साहू को राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- वे ओडिशा से हैं और 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।
- उन्होंने संजय श्रोत्रिय का स्थान लिया; 1 अगस्त 2024 को कार्यकाल समाप्त होने के बाद कैलाशचंद मीणा कार्यवाहक अध्यक्ष थे।
- साहू का कार्यकाल जून 2025 तक रहेगा।
- साथ ही, रवि प्रकाश मेहरड़ा (DG-ACB) को राजस्थान पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### प्रो. गौरव वल्लभ बने प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य

- प्रो. गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (PM-EAC) में सदस्य नियुक्त किया गया है।
- यह नियुक्ति एक अर्थशास्त्री के रूप में हुई है।
- वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर सरकार को सलाह देंगे।
- प्रो. वल्लभ ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों, जैसे IIM में वित्त विषय पढ़ाया है।
- वे जोधपुर जिले के पीपाड़ गांव से हैं और वर्तमान में उदयपुर में रहते हैं।

**प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद (PM-EAC)**

- यह संस्था प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मामलों में सलाह देने वाली शीर्ष इकाई है।
- इसके अध्यक्ष वरिष्ठ अर्थशास्त्री एस. महेंद्र देव हैं।

### आईएएस वी. श्रीनिवास बने IIAS अध्यक्ष

- राजस्थान कैडर के 1998 बैच केIAS अधिकारी वी. श्रीनिवास को अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) का अध्यक्ष चुना गया है।
- 75 वर्षों में पहली बार किसी IAS अधिकारी को यह पद मिला है।
- 3 जून को हुए चुनाव में भारत को 61.7% मत प्राप्त हुए।

### प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत बने कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति

- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उन्हें कोटा विश्वविद्यालय का कुलगुरु नियुक्त किया।
- उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण की तिथि से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक (जो पहले हो) रहेगा।

### शुभ्रांशु सिंह को विश्व का शीर्ष CMO घोषित किया

- टाटा मोटर्स के CMO शुभ्रांशु सिंह को फोर्ब्स ने 2025 का सबसे प्रभावशाली मुख्य विपणन अधिकारी घोषित किया।
- यह घोषणा कान्स लायंस इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी (फ्रांस) में की गई।
- वे इस सूची में शामिल होने वाले एकमात्र गैर-अमेरिकी, गैर-यूरोपीय और पहले भारतीय हैं।
- उन्हें कान्स लायंस एफीज़ फाउंडेशन के बोर्ड में भी शामिल किया गया है।
- शुभ्रांशु सिंह राजस्थान से हैं।

### डॉ. आदित्य नाग बने भारतीय सॉफ्ट हॉकी लीग के उपाध्यक्ष

- राजस्थान के डॉ. आदित्य नाग को अमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया (ASHFI) द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कर्नाटक राज्य प्रभारी नियुक्त किया गया है।
- ASHFI के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष पंत हैं।
- डॉ. नाग एक शिक्षाविद्, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

## चर्चित स्थान

### खीचन और मेनार बने नए रामसर स्थल

- केंद्र सरकार ने राजस्थान की खीचन और मेनार आद्रभूमियों को रामसर साइट घोषित किया।
- इन स्थलों के जुड़ने से भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या 91 हो गई है।

**मेनार आद्रभूमि (उदयपुर) :-**

- **स्थित:** वल्लभनगर (उदयपुर) के मेनार और खेरोदा गांव।
- यह मानसूनी, मीठे पानी की आद्रभूमि है, जो ब्रह्म, ढंड और खेरोदा तालाबों से बनी है।
- इसमें 110 से अधिक जलपक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें 67 प्रवासी पक्षी और कुछ गंभीर रूप से संकटग्रस्त गिद्ध शामिल हैं।

**खीचन आद्रभूमि (फलोदी-जोधपुर)**

- स्थित: जोधपुर और फलोदी के बीच, उत्तरी थार रेगिस्तान क्षेत्र में।
- यह रेगिस्तानी आद्रभूमि रातरी नदी और विजयसागर तालाब से बनी है।
- यह 150 से अधिक पक्षी प्रजातियों का आवास स्थल है।

**राजस्थान के रामसर स्थल (वर्ष अनुसार)**

| रामसर साइट | घोषणा वर्ष | जिला |
|---|---|---|
| केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान | 1981 | भरतपुर |
| सांभर झील | 1990 | जयपुर |
| मेनार आद्रभूमि | 2025 | उदयपुर |
| खीचन आद्रभूमि | 2025 | फलोदी |

### राजस्थान की पहली सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना

- 18 जून 2025 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बूंदी जिले के लोहली गांव में मेज नदी पर इस परियोजना का उद्घाटन किया।
- कुल लागत: ₹52 करोड़।
- लाभ: फोलाई और गेंडौली पंचायतों के 17 गांवों की 25,000 बीघा कृषि भूमि सिंचित होगी।
- यह योजना खरीफ और रबी दोनों मौसमोंमें सिंचाई की सुविधा देगी। इसके अंतर्गत लगभग 700 कुएं और 400 बोरिंग का उपयोग किया गया है।

### राजस्थान का पहला संत कबीर शोध केंद्र – कोटा

- राज्य का पहला संत कबीर शोध केंद्र कोटा के मुकुंदरा विहार में स्थापित किया जाएगा।
- इसके लिए 3200 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई है और इसकी अनुमानित लागत ₹20 करोड़ है।
- यह केंद्र संत कबीर के सामाजिक, साहित्यिक व आध्यात्मिक योगदान पर शोध व जनजागरण में सहायक होगा।
- छात्र और शोधार्थी उनके जीवन व साहित्य पर गहराई से अध्ययन कर सकेंगे।
- संदर्भ: उत्तर प्रदेश के मगहर में संत कबीर अकादमी पहले से संचालित है।

### देश में पहली बार काले हिरणों का स्थानांतरण – जसवंतगढ़ (राजस्थान)

- राजस्थान के सुजानगढ़ के निकट जसवंतगढ़ ताल क्षेत्र में 450 हेक्टेयर में एक मिनी अभयारण्य विकसित किया गया है।
- यहाँ अब तक 22 काले हिरणों को बोमा तकनीक से सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया जा चुका है; लक्ष्य 100 हिरणों का है।
- यह क्षेत्र तालछापर अभयारण्य (चुरू) से लगभग 15 किमी दूर है और उसका विस्तार माना जाता है।
- यह देश का पहला काले हिरणों का पुनर्वास स्थानांतरण अभियान है।

### देश की पहली 'काउ सफारी' – हिंगोनिया गोशाला, जयपुर

- जयपुर की हिंगोनिया गोशाला में देश की पहली ‘काउ सफारी’ शुरू की जाएगी।
- आगंतुक यहाँ देश की 17 देसी नस्लों की गायों को देख सकेंगे; फिलहाल 7 नस्लें (थारपारकर, कांकरेज, सांचोरी, मेवाती, नागौरी, राठी, गिर) शामिल हैं।
- गो परिक्रमा, बैलगाड़ी सुविधा, और प्राकृतिक परिवेश में विचरण की व्यवस्था की गई है।
- परियोजना का उद्देश्य गायों का संरक्षण और जन-जागरूकता फैलाना है।

### राजस्थान में राइफल और मशीनगन निर्माण संयंत्र

- मेक इन इंडिया अभियान के अंतर्गत राजस्थान, विशेष रूप से जोधपुर, से डिफेंस निर्माण क्षेत्र में "मेड इन राजस्थान" की शुरुआत हुई है।
- 1500 करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू को मंजूरी दी गई है।
- जोधपुर और जयपुर में गन के पुर्जों का निर्माण किया जाएगा, जबकि बैरल निर्माण बोरानाड़ा औद्योगिक क्षेत्र (जोधपुर) में होगा।
- अंतिम असेंबलिंग का कार्य एक गोपनीय, सुरक्षित स्थान पर होगा।

**प्रमुख उत्पाद**

1. मिलिट्री ग्रेड स्नाइपर राइफल – Sub-MOA सटीकता, 1000 यार्ड तक प्रभावी मार।
2. मल्टी-बैरल मशीन गन – 6000 राउंड प्रति मिनट फायरिंग क्षमता, एक बेल्ट फीड से 15000 राउंड तक फायर।

### SMS अस्पताल, जयपुर में पहली बार रोबोट से हर्निया सर्जरी

- सवाई मानसिंह (SMS) अस्पताल, जयपुर में पहली बार रोबोटिक तकनीक से पेंटालून हर्निया का सफल ऑपरेशन किया गया।
- यह राज्य के किसी सरकारी अस्पताल में पहली रोबोटिक सर्जरी है।
- सामान्यतया यह ऑपरेशन पारंपरिक या लैप्रोस्कोपिक विधि से होता है, पर इस बार उन्नत रोबोटिक विधि अपनाई गई।

### नीमराना में राजस्थान का पहला LNG गैस स्टेशन

- राजस्थान स्टेट गैस द्वारा नीमराना में राज्य का पहला LNG (Liquefied Natural Gas) स्टेशन स्थापित किया जा रहा है।आ
- इसमें 56 किलो लीटर की क्षमता वाले दो स्टोरेज टैंक और LNG डिस्पेंसर लगाए जाएंगे।
- कुल लागत लगभग ₹15 करोड़ निर्धारित की गई है।

### सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट बनाने का प्रस्ताव तैयार

- राजस्थान की सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है।
- यह झील 150 से अधिक देशी व विदेशी पक्षी प्रजातियों का आवास स्थल है।
- सभी आवश्यक मानकों की पूर्ति के बाद यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है।

### जयपुर में खेल क्षेत्र के तीन प्रमुख संस्थान विकसित होंगे

1. **मल्टीपर्पज संभाग स्तरीय स्टेडियम**
   - बगरू के बड़ी का खेड़ा में 7.66 हैक्टेयर क्षेत्र में स्थापित होगा।
2. **महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी (अचरोल क्षेत्र)**
   - क्षेत्रफल: 1.94 लाख वर्गमीटर।
   - पाठ्यक्रम: फिजिकल एजुकेशन, स्पोर्ट्स साइंस, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में डिग्री/डिप्लोमा।
   - सुविधाएँ: स्टेडियम, जिम, लैब, हॉस्टल और शोध केंद्र।
   - यह राजस्थान की पहली खेल विश्वविद्यालय होगी जो शिक्षण, कोचिंग और अनुसंधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगी।
3. **स्पोर्ट्स कॉलेज (SMS स्टेडियम के पास)**
   - 2023 में SMS स्टेडियम में हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स ट्रेनिंग एंड रिहैब सेंटर स्थापित हुआ था।
   - उद्देश्य: खिलाड़ियों की चोट से रिकवरी और फिटनेस मूल्यांकन।

### नक्की झील को मिला अधिसूचित क्षेत्र का दर्जा

- माउंट आबू स्थित प्रसिद्ध नक्की झील को अधिसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है।
- यह निर्णय राजस्थान झील विकास प्राधिकरण की अनुशंसा पर स्वायत्त शासन विभाग द्वारा लिया गया।
- अब यह झील अति संरक्षित क्षेत्र की श्रेणी में आ गई है, जिससे अव्यवस्थित निर्माण और प्राकृतिक नुकसान पर रोक संभव होगी।

### अल्बर्ट हॉल म्यूजियम बनेगा 'स्मार्ट म्यूजियम'

- राजस्थान सरकार ने पर्यटन विभाग की 25 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राज्य के संग्रहालयों और किलों का डिजिटलीकरण है।
- जयपुर स्थित अल्बर्ट हॉल म्यूजियम को स्मार्ट म्यूजियम में परिवर्तित किया जाएगा।
- इसमें AR (Augmented Reality), RFID टैगिंग, वर्चुअल टूर, डिजिटल लाइट एंड साउंड शो, इंटरेक्टिव डिस्प्ले, VR और AI तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

### बूंदी में स्टोन पार्क की स्थापना

- बूंदी जिले के कछालिया ग्राम, तालेड़ा तहसील में स्टोन पार्क स्थापित किया जाएगा।
- इसके लिए 47.07 हेक्टेयर भूमि RIICO को आवंटित की जाएगी।
- इसकी घोषणा राज्य बजट 2025-26 में की गई है।
- यहाँ केवल गैर-प्रदूषणकारी इकाइयाँ स्थापित होंगी।
- इसका उद्देश्य खनिज आधारित उद्योगों को संगठित मंच, युवाओं को रोजगार और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना है।

### जयपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑल वेदर स्वीमिंग पूल

- चौगान स्टेडियम, जयपुर में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अधीन यह पूल विकसित किया जा रहा है।
- परियोजना स्मार्ट सिटी मिशन के तहत है, जिसकी अनुमानित लागत ₹16 करोड़ से अधिक है।
- यह पूल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाया जाएगा, जिसकी गहराई 4 से 8 फीट तक होगी।

## पुरस्कार एवं सम्मान

### साहित्य अकादमी युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025

- घोषणा तिथि: 18 जून 2025
- घोषणाकर्ता: साहित्य अकादमी अध्यक्ष श्री माधव कौशिक
- भाषाएं: 24 मान्यता प्राप्त भारतीय भाषाएं
- डोगरी भाषा को छोड़कर सभी में पुरस्कार प्रदान किए गए।

### साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2025 राजस्थानी भाषा

| वर्ष | कृति | लेखक |
|---|---|---|
| **2025** | **अंतस रै आंगणे (कविता)** | **पूनम चंद गोदारा** |
| 2024 | सुध सोढ़ू जग अंगणे (कविता) | सोनाली सुथार |
| 2011 (पहला पुरस्कार) | पीड़ ( कहानी-संग्रह) | दुलाराम सहारण |

- युवा पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी।
- पात्रता: 1 जनवरी को 35 वर्ष से कम आयु के लेखक।
- पुरस्कार राशि: ₹50,000 + ताम्रफलक।

### बाल साहित्य पुरस्कार 2025 (राजस्थानी भाषा)

| वर्ष | कृति | लेखक |
|---|---|---|
| 2025 | पंखेरुवं नी पीड़ा (नाटक) | भोगीलाल पाटीदार |
| 2024 | म्हारी ढाणी (कविता-संग्रह) | प्रहलाद सिंह 'झोरड़ा' |
| 2011 (पहला पुरस्कार) | बुलबुल रा बोल (कहानी-संग्रह) | दमयंती जाडावत 'चंचल' |

- बाल साहित्य पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई।
- पात्रता: 1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2023 के बीच प्रकाशित पुस्तकें।
- पुरस्कार राशि: ₹50,000 + ताम्रफलक।

### तंबाकू नियंत्रण में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर

- राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में राजस्थान को 'बेस्ट परफॉर्मेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार 20 जून 2025 को नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया।
- राज्य में 24 सितंबर 2024 से "टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0" की शुरुआत हुई थी, जिसके अंतर्गत ग्राम स्तर तक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।
- तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान के तहत 14,725 जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए।

### श्रुति भारद्वाज को 'अचीवर ऑफ द ईयर' पुरस्कार

- राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) को ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान मिला।
- 7 जून 2025 को ग्रीन एनर्जी कॉन्क्लेव में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने यह पुरस्कार प्रदान किया।
- यह पुरस्कार श्रुति भारद्वाज को उनके नेतृत्व में RCDF द्वारा किए गए कार्य :-
  - ₹400 करोड़ से अधिक का लाभ,
  - ₹10,000 करोड़ का टर्नओवर,
  - और ग्रीन ऊर्जा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला।
- यह RCDF के 47 वर्षों के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## विभिन्न समझौते/MoUs

### असहाय व अज्ञात मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के बीच संयुक्त एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं।
- इसके अंतर्गत मानसिक रूप से अक्षम, वंचित, लावारिस और अज्ञात मरीजों को नि:शुल्क इलाज मिलेगा।
- इलाज की लागत राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RMRS) द्वारा वहन की जाएगी।
- पंजीकृत धर्मार्थ ट्रस्ट या एनजीओ द्वारा लाए गए मरीजों का इलाज अस्पतालों में निःशुल्क किया जाएगा।
- संबंधित मरीज की असहाय स्थिति का प्रमाण ट्रस्ट या एनजीओ द्वारा देना अनिवार्य होगा।
- एक संयुक्त समिति ट्रस्टों और संस्थाओं को अधिकृत कर सहायता उपलब्ध कराएगी।

### विभिन्न पर्यावरणीय समझौते

**1. क्लाइमेट चेंज एडैप्टेशन प्लान 2030**

- राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायर्नमेंट (CSE), नई दिल्ली के बीच एमओयू।
- उद्देश्य: राजस्थान में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने हेतु अनुकूलन योजना 2030 तैयार करना।

**2. एमिशन ट्रेडिंग स्कीम (ETS)**

- पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राज्य प्रदूषण मंडल, और J.P.A.L. S.A., E.P.I.C. के बीच 5 जून 2025 को त्रिपक्षीय एमओयू।
- उद्देश्य: उत्सर्जन व्यापार प्रणाली (Emission Trading Scheme) को लागू करना, जिससे औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण संभव हो सके।

## खेल

### एशिया कप 2025 (तीरंदाजी): सचिन चेची ने कांस्य पदक जीता

- सिंगापुर में आयोजित एशिया कप 2025 में राजस्थान के सचिन चेची ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- उन्होंने बांग्लादेश के हेमू बच्चार को 148-146 के स्कोर से हराया।
- राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष: दीप सिंह खंगरोत।

### अभिजीत गुप्ता चौथी बार दिल्ली जीएम ओपन शतरंज चैम्पियन बने

- भीलवाड़ा के ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने 21वें दिल्ली ग्रैंडमास्टर्स ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- यह उनका इस प्रतियोगिता में चौथा खिताब है (पूर्व विजेता: 2008, 2014, 2020)।
- उन्होंने अंतिम राउंड में अरोण्यक घोष से ड्रॉ खेलकर कुल 8.5 अंक हासिल किए।
- वे राजस्थान के एकमात्र ग्रैंडमास्टर हैं और 2013 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।
- अभिजीत कॉमनवेल्थ शतरंज में 5 बार चैंपियन बनने वाले पहले खिलाड़ी हैं।

### राजस्थान बना 34वीं सीनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप का ओवरऑल विजेता

- प्रतियोगिता का आयोजन पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर में हुआ।
- आयोजक: भारतीय वुशू संघ और राजस्थान वुशू संघ।
- राजस्थान ने कुल 24 पदक (10 स्वर्ण, 8 रजत, 6 कांस्य) जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप जीती।
- **पदक तालिका में:**
  - राजस्थान: प्रथम
  - SSCB: द्वितीय
  - SSB: तृतीय

**प्रमुख पदक विजेता**

| स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक |
|---|---|---|
| 1.मेघा जोशी (48 किग्रा)<br>2.दिव्यांशी (70 किग्रा)<br>3.अमन पारीक (52 किग्रा)<br>4.अभिमन्यु पारीक (56 किग्रा)<br>5.वैभव शर्मा (65 किग्रा)<br>6.नीलम चौधरी (ट्रेडिशनल ननक्वान)<br>7.विकास चौधरी (ननदाउ)<br>8.देवराज सैनी (फ्लेक्सिबल वेपन)<br>9.मयंक (अदर स्टाइल और ग्रुप इवेंट) (2 स्वर्ण पदक) | 1.विकास यादव (100 किग्रा)<br>2.अभिजीत एसवाल (विंगचुन)<br>3.आनंद सैनी (ननदाउ और ननगुन) (2 रजत पदक जीते)<br>4.गुरप्रीत सिंह (ताईची जियान)<br>5.प्रेम सिंह (फ्लेक्सिबल)<br>6.गुलशन (अदर स्टाइल)<br>7.कामाक्षी आचार्य (अदर स्टाइल) | 1.रिंकु चौधरी (45 किग्रा)<br>2.मुकुंद आचार्य (48 किग्रा)<br>3.सचिन चौधरी (90 किग्रा)<br>4.आनंद (ननक्वान)<br>5.मनोज कोली (जिंगिक्वान)<br>6.चारू पारीक (विंगचुन) |

### यश भरडिया ने इंटरनेशनल मास्टर (IM) नॉर्म पूरा किया

- राजस्थान के 15 वर्षीय यश भरडिया ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2 जून 2025 को अपना तीसरा और अंतिम IM नॉर्म हासिल किया।
- उन्होंने 9 में से 7 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की।
- यश, राजस्थान के दूसरे इंटरनेशनल मास्टर बने हैं।
- पहले IM: अभिजीत गुप्ता (2005), जो 2008 में ग्रैंडमास्टर बने।
- **यश की प्रमुख उपलब्धियाँ:**
  - 2019: अंडर-10 कॉमनवेल्थ गोल्ड
  - 2022: अंडर-13 राजस्थान स्टेट चैम्पियन
  - 2023: अंडर-14 वर्ल्ड में 8वां स्थान

### राष्ट्रीय म्युथाई चैंपियनशिप 2025 – राजस्थान को दूसरा स्थान

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में यह प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- राजस्थान टीम ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- **पदक विजेता:**
  - स्वर्ण: धनिष्ठा अग्रवाल, राजकुमारी गौड़
  - रजत: रायना सैनी, विष्णु प्रसाद
  - कांस्य: रिचा

### दक्षिण एशियाई बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता-विशाल सिंह को कांस्य पदक

- अजमेर के विशाल सिंह रावत ने 75 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता भूटान में आयोजित हुई।
- विशाल पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं।

### मूकबधिर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में राजस्थान को 13 पदक

- कानपुर में आयोजित सीनियर, जूनियर व सबजूनियर मूकबधिर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने 13 पदक जीते।
- संगठन: राजस्थान मूकबधिर स्पोर्ट्स काउंसिल
- अध्यक्ष: विनोद मित्तल

### सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप (22 से 26 जून 2025, भुवनेश्वर)

- राजस्थान से 6 सदस्यीय दल भाग लेगा – 4 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी।
- पुरुष 8 और महिला 5 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।
- टीम सदस्य: युग चेलानी, मोहम्मद अनस, योग्या खींची, रतिका खाटा, अभिनंदन खंडेलवाल, कृष्णादित्य सिंह।
- संघ अध्यक्ष: अनिल व्यास।

### सुनील मुवाल – अंडर19- भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयनित

- राजस्थान के चौमूं (बिशनपुरा, चारणवास) निवासी सुनील मुवाल का चयन अंडर-19 भारतीय वॉलीबॉल टीम में हुआ।
- वे सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल चैम्पियनशिप (उज्बेकिस्तान) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### बीच कबड्डी नेशनल गेम्स 2025 – राजस्थान उपविजेता

- 12वीं बीच कबड्डी चैंपियनशिप मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश) में आयोजित हुई।
- राजस्थान पुरुष टीम फाइनल में आंध्र प्रदेश से 32-42 से हारकर उपविजेता रही।
- टीम खिलाड़ी: अनुज, जय भगवान, विजेंद्र, महेंद्र, राजीव, जितेंद्र।
- संघ अध्यक्ष: तेजस्वी सिंह गहलोत।

### श्रेयांशी जैन – अंडर7- नेशनल शतरंज चैम्पियन

- खोरदा (ओडिशा) में आयोजित अंडर-7 गर्ल्स नेशनल चैम्पियनशिप में श्रेयांशी ने सभी 9 राउंड जीतकर स्वर्ण पदक जीता।
- अंतिम राउंड में उन्होंने तमिलनाडु की बी याझीसाई को हराया।
- अब वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- **प्रमुख उपलब्धियाँ:**
    - वर्ल्ड स्कूल अंडर-7: चौथा स्थान
    - नेशनल अंडर-7 (2025): स्वर्ण
    - नेशनल स्कूल अंडर-7 (2025): स्वर्ण

### प्रो कबड्डी लीग (सीजन 12): राजस्थान के 8 खिलाड़ियों का चयन

- प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के ऑक्शन में राजस्थान के 8 खिलाड़ी विभिन्न टीमों में शामिल किए गए।
- सचिन तंवर को पुणेरी पल्टन ने ₹1.058 करोड़ की सबसे बड़ी बोली में खरीदा।
- जयपुर पिंक पैंथर्स ने नितिन को टीम में लिया।

**राजस्थान के खिलाड़ी और टीमें:**

| खिलाड़ी | टीम |
|---|---|
| सचिन तंवर | पुणेरी पल्टन |
| जय भगवान | तेलुगु टाइटंस |
| महिपाल | बेंगलुरु बुल्स |
| लोकेश घोसालिया | यू मुंबा |
| मंजीत | बंगाल वारियर्स |
| गंगाराम | यूपी योद्धा |
| नितिन | जयपुर पिंक पैंथर्स |
| रोहित बेनीवाल | तमिल थलाईवास |

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप (2025)

- चौथी कैडेट व जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप उत्तराखंड में 29 मई–1 जून 2025 तक आयोजित हुई।
- राजस्थान की तनिष्ठा जोधा ने स्वर्ण पदक जीता।
- अंडर-14 कैडेट वर्ग में रोहित कुमार पटेल को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

### रॉयल जयपुर शतरंज टूर्नामेंट ( अंडर 1800- FIDE)

- 8 वर्षीय शिवाय सिंह (उत्तर प्रदेश) ने 9 में से 8 अंक लेकर खिताब जीता।
- उन्हें ₹1 लाख नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई।
- सुदीप पाटिल दूसरे स्थान पर रहे।
- राजस्थान के काव्यांश जैन (12 वर्ष) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### चौथी नेशनल मास्टर्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता – राजस्थान उपविजेता

- प्रतियोगिता सूरत (गुजरात) में आयोजित हुई।
- महाराष्ट्र की टीम ने 520 अंकों के साथ खिताब जीता, जबकि राजस्थान 448 अंकों के साथ उपविजेता रहा।
- राजस्थान के 16 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीते।

**स्वर्ण पदक विजेता**

- अनुपम स्वामी (कप्तान), रामदयाल चौधरी, भगवान सिंह शेखावत, कैलाश चंद, सौरभ मेहता अमित शर्मा, सुशील कुमार चौधरी, चंद्रशेखर, चंद्र प्रकाश सैनी, गिरधारी लाल सैनी
- सत्यनारायण माली, चंद्र कुमार अवस्थी, त्रिलोकी नाथ शर्मा, महेश चंद्र महात्मा चंद्रकांत चौधरी, सुनीता देवी (एकमात्र महिला खिलाड़ी)

### अंडर16- SABA कप बास्केटबॉल चैंपियनशिप (2025)

- मालदीव में 12–15 जून 2025 तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए राजस्थान के दो खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन हुआ है:

1. मोहम्मद रजा (जैसलमेर)
2. अरमान मटोरिया (श्रीगंगानगर)

- राजस्थान बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष: अजीत सिंह राठौड़

**वर्ल्ड पैरा शूटिंग कप 2025 (दक्षिण कोरिया)**

- भरतपुर (राजस्थान) के रुद्रांश खंडेलवाल ने कुल 5 पदक जीते:
  - 1 स्वर्ण: 10 मीटर एयर पिस्टल (SH-1 कैटेगरी)
  - 3 रजत: स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत, टीम इवेंट और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम
  - 1 कांस्य: 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम (सुमेधा पाठक के साथ)
- मेड़ता सिटी के शिवराज सांखला ने 50 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में रजत पदक जीता।

**प्रो टेनिस अंडर 10- चैंपियनशिप (जयपुर)**

- आयोजन: प्रोफेशनल टेनिस क्लब द्वारा, TBCAgeके सहयोग से, AITA के तत्वावधान में।
- **बालिका वर्ग विजेता: त्वीशा शाह (गुजरात)**
  - फाइनल: 4-3, 2-4, 4-3 (अलैवा जोशी, उत्तर प्रदेश के विरुद्ध)
- **बालक वर्ग विजेता: हृदान शर्मा (राजस्थान)**
  - फाइनल: 4-0, 4-1 (प्रतिस्पर्धी: प्रतम सांगवान, चंडीगढ़)

**25वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (तमिलनाडु)**

- राजस्थान टीम ने कुल 29 पदक जीते:
  - 8 स्वर्ण, 5 रजत, 16 कांस्य
- ओवरऑल टीम चैंपियनशिप में राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा।
- **वर्गवार प्रदर्शन:**
  - संशोऊ बालक टीम: 2 स्वर्ण, 1 रजत, 4 कांस्य → दूसरा स्थान
  - संशोऊ बालिका टीम: 2 स्वर्ण, 2 रजत, 7 कांस्य → दूसरा स्थान
  - तालू बालिका टीम: 3 स्वर्ण, 1 रजत, 3 कांस्य → दूसरा स्थान
- **स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी:**
  - अंशिका, अलमास खान, चित्रांशी चौहान, मयंक, प्रेक्षा (2 स्वर्ण), विक्की, वंशराज सिंह
- राजस्थान वुशू संघ अध्यक्ष: हीरानंद कटारिया

## विविध

**'नागौरी पान मैथी' को मसाला बोर्ड की सूची में शामिल किया गया**

- भारत सरकार ने नागौर (राजस्थान) की पारंपरिक मसाला फसल नागौरी पान मैथी को मसाला बोर्ड की सूची में 53वें मसाले के रूप में शामिल किया है।
- इसे गजट अधिसूचना के माध्यम से मान्यता मिली है।
- इस फसल को अब HS कोड जारी कर एपेडा और अन्य सरकारी एजेंसियों के माध्यम से निर्यात-आयात में शामिल किया जा सकेगा।

**राजस्थान रनवे फेस्ट (14-22 जून 2025, जयपुर एयरपोर्ट)**

- जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली बार राजस्थान रनवे फेस्ट का आयोजन किया गया।
- उद्देश्य: राजस्थान की लोककला, सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देना।
- टर्मिनल-2 पर आयोजित इस 9-दिवसीय उत्सव में कठपुतली, घूमर, लोक संगीत और राजस्थानी व्यंजनों के स्टॉल शामिल रहे।
- यह फेस्टिवल लुप्त होती लोककलाओं को एक नया मंच प्रदान करता है।

**खनिज अन्वेषण में पहली बार AI तकनीक का उपयोग (राजस्थान)**

- राजस्थान सरकार ने खनिज खोज को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने हेतु AI तकनीक के उपयोग की शुरुआत की है।
- यह पायलट प्रोजेक्ट **भीलवाड़ा, भरतपुर और चित्तौड़गढ़ जिलों में** लागू किया जा रहा है।
- स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट, केंद्र सरकार व निजी अन्वेषण एजेंसियों के सहयोग से यह कार्य करेगा।
- AI विश्लेषण के आधार पर संभावित खनिज क्षेत्रों में प्राथमिकता से ड्रिलिंग की जाएगी।
- यह पहल समय, लागत और श्रम की बचत के साथ खनिज अन्वेषण की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगी।

**राजस्थान की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर बोट**

- 7 जून 2025 को उदयपुर की पिछोला झील में राजस्थान की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर लग्जरी बोट का उद्घाटन हुआ।
- यह बोट आधुनिक पैंटून तकनीक पर आधारित है, जिससे यह आंधी-तूफान जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित रहती है।
- बोट में अधिकतम 25 यात्रियों के बैठने की अनुमति है।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा (24 जून – 9 जुलाई 2025)**

- यह पखवाड़ा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।
- उद्देश्य: आम जनता को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान करना।
- **प्रमुख सेवाएं:**
  - स्वामित्व पट्टों का वितरण
  - पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान मामलों का निस्तारण
  - मृदा नमूने संग्रह और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण
  - NFSA के लंबित प्रकरणों का निस्तारण
  - आधार सीडिंग के माध्यम से नए पात्र परिवारों की पहचान
- प्रत्येक जिले में कलेक्टर को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा।

**राजस्थान को 4,000 मेगावाट आवर बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) का आवंटन**

- भारत सरकार के बिजली मंत्रालय ने राजस्थान को वायबिलिटी गैप फंडिंग (VGF) के अंतर्गत यह आवंटन किया।
- 4,000 MWh BESS के लिए ₹720 करोड़ की केंद्रीय सहायता (₹18 लाख प्रति MWh) दी जाएगी।

- इससे सौर और पवन ऊर्जा को संरक्षित कर आवश्यकता अनुसार उपयोग संभव होगा।
- यह ग्रिड स्थिरता, गैर-सौर समय में आपूर्ति और पीक लोड के दौरान ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।
- देशभर में 30 GW आवर क्षमता विकसित करने के तहत राजस्थान को यह भाग मिला है।

**राजस्थान में 45,000 जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण**

- राजस्थान सरकार ने "कर्मभूमि से मातृभूमि" अभियान की शुरुआत की, जिसमें प्रवासी राजस्थानी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।
- अगले 4 वर्षों में 45,000 जल संरक्षण संरचनाएं (बावड़ियां, जोहड़, तालाब, कुएं आदि) निर्मित की जाएंगी।
- वित्त वर्ष 2025–26 में प्रत्येक जिले में कम से कम 125 संरचनाएं, कुल लगभग 5,000 संरचनाओं का लक्ष्य है।
- राज्य का 72% क्षेत्र 'अतिदोहित' श्रेणी में आता है, जहां भूजल पर अत्यधिक निर्भरता है।
- यह प्रयास "कैच द रेन" जैसे केंद्र सरकार के जल संचयन अभियानों के अनुरूप है।

**होम्योपैथी में पहली बार सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं और D.M. पाठ्यक्रम**

- राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने "होम्योपैथी सुपर स्पेशियलिटी एंड डीएम रेगुलेशंस, 2025" का ड्राफ्ट जारी किया है।
- जुलाई 2026 से सरकारी मेडिकल संस्थानों में डीएम (डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन) कोर्स शुरू होंगे।
- कोर्स संरचना: तीन वर्ष का डीएम कोर्स (पार्ट I, II, III), प्रत्येक भाग 12 महीने का, अधिकतम 6 वर्षों में पूर्ण करना अनिवार्य।

**ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन हेतु मापदंडों में छूट**

- राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अनुसार सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है।
- राज्य सरकार ने मापदंडों में 50% तक की छूट दी है:
  - अब न्यूनतम सदस्य संख्या 150 और
  - न्यूनतम हिस्सा राशि ₹1.50 लाख होगी।
- आदिवासी क्षेत्रों में समितियाँ वन धन विकास केंद्रों की मदद से गठित की जाएंगी।
- अब तक 118 नई समितियाँ स्थापित हो चुकी हैं।

**BITS मेसरा द्वारा सरस्वती नदी का बहाव मार्ग खोजे जाने का दावा**

- BITS मेसरा, रांची के वैज्ञानिकों ने राजस्थान में लुप्त सरस्वती नदी का संभावित बहाव मार्ग खोजा है।
- अध्ययन क्षेत्र: लगभग 3.70 लाख वर्ग किमी।
- **मुख्यधारा 1:**
  - उत्पत्ति: अनूपगढ़ (घग्घर नदी से)
  - मार्ग: बेरियावाली →बहला→तनोट→जैसलमेर
  - समाप्ति: अरब सागर
- **मुख्यधारा 2:**
  - बहला व सत्तो (जैसलमेर) के पास मिलन, पहली धारा में शामिल होती है।
- **अन्य सहायक धाराएं:**
  - जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं जिलों से होकर गुजरती थीं।
- मोहनगढ़ व सूरतगढ़ के पास ये धाराएं मुख्यधारा से मिलती थीं।
- नोट: पिछले वर्ष मोहनगढ़ में जल स्रोत की पुष्टि खुदाई के दौरान हुई थी।
- वैज्ञानिकों के अनुसार, सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी इन पुराने मार्गों में पहुंचाया जा सकता है।

**राजस्थान की 9 प्रयोगशालाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित**

- राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की 9 प्रयोगशालाओं को NABL द्वारा ISO/IEC 17025:2017 मानकों के अनुसार प्रमाणित किया गया।
- इन प्रयोगशालाओं में वायु, जल, ध्वनि और मिट्टी की जाँच अंतरराष्ट्रीय मानकों पर की जाएगी।
- **प्रमाणित प्रयोगशालाएं:**
  - केंद्रीय प्रयोगशाला: जयपुर
  - क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं: भिवाड़ी, सीकर, उदयपुर, किशनगढ़, अलवर, कोटा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा
- 5 अन्य प्रयोगशालाओं की प्रमाणन प्रक्रिया जारी है।
- **प्रमुख लाभ:**
  - रिपोर्ट 120 देशों में मान्य
  - जाँच परिणाम अधिक सटीक
  - गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रक्रिया में सुधार

**5 जून 2025 को राज्य सरकार की प्रमुख पर्यावरणीय पहलें**

1. **ई-वेस्ट संग्रहण वाहन:**
   - 7 संभागों व औद्योगिक क्षेत्रों में 11 ई-वेस्ट कलेक्शन वाहन रवाना किए गए।
2. **सांगानेर CETP का लोकार्पण:**
   - जीरो लिक्विड डिस्चार्ज आधारित प्रिंटिंग इकाइयों के अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का उद्घाटन।
3. **नवीन हरित परियोजनाएं:**
   - माछला मगरा नगर वन, रिसाला ग्रीन लंग्स (उदयपुर), बीड़ पापड़ सफारी (जयपुर) की शुरुआत।
4. **सर्कुलर इकोनॉमी स्कीम:**
   - रिसाइक्लिंग व पुन: उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू।
5. **MIS 2.0 प्रणाली:**
   - ऑटो-रिन्यूअल और पर्यावरण प्रबंधन को बेहतर बनाने हेतु MIS 2.0 का शुभारंभ।

**राजस्थान में अस्पतालों में क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत**

- सभी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा।
- उद्देश्य: मरीजों को लंबी कतारों से राहत देना और तेज़ पंजीकरण प्रक्रिया सुनिश्चित करना।
- पायलट सफलतापूर्वक जयपुरिया और कांवटिया अस्पतालों में लागू किया गया।
- अब जल्द ही यह सवाई मानसिंह अस्पताल में भी लागू होगा।

### 'रन फॉर एन्वायर्नमेंट' – पर्यावरण जागरूकता दौड़ (4 जून 2025, जयपुर)

- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जयपुर में 'रन फॉर एन्वायर्नमेंट' कार्यक्रम का आयोजन हुआ।
- उद्देश्य: पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना।
- आयोजनकर्ता: राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान।

### जयपुर को मिली तीसरी लेपर्ड सफारी – बीड़ पापड़ लेपर्ड सफारी

- 5 जून 2025 से विद्याधर नगर (जयपुर) में तीसरी लेपर्ड सफारी की शुरुआत हुई।
- इसे बीड़ पापड़ लेपर्ड सफारी नाम दिया गया है।
- यह नाहरगढ़ वाइल्डलाइफ सेंक्चुरी के अधीन है और 22 किमी लंबा ट्रैक अरावली की जैव विविधता से भरपूर है।
- अजमेरी गेट से सफारी की दूरी लगभग 10 किमी है।

### राजस्थान में जल संरक्षण हेतु 100 एनिकट निर्माण की योजना

- राजस्थान सरकार द्वारा जल संचयन और भूजल स्तर सुधार हेतु ₹500 करोड़ की लागत से 100 एनिकट (छोटे बांध) बनाए जाएंगे।
- यह परियोजना राज्य के विभिन्न जल संकटग्रस्त क्षेत्रों को लक्षित करेगी।

## सम्मेलन, बैठक, महोत्सव

### 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025, जैसलमेर)

- खुहड़ी सैंड ड्यून्स, जैसलमेर में राज्य स्तरीय आयोजन हुआ।
- मुख्य अतिथि: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- थीम: "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"
- आयोजनकर्ता: आयुष विभाग, राजस्थान
- राज्य के सभी जिलों, ब्लॉकों, पंचायतों और पर्यटन स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन 2025 (10 दिसंबर, जयपुर)

- देश-विदेश से प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित कर आयोजन होगा।
- सामाजिक, आर्थिक व औद्योगिक योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।
- प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं के समाधान हेतु नए विभाग की स्थापना की जाएगी।
- प्रत्येक जिले में अतिरिक्त जिला कलक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

### राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव -2025 (11-12 दिसंबर, जयपुर)

- आयोजन दिसंबर 2024 में हुई ग्लोबल समिट की वर्षगांठ पर होगा।
- MoU की प्रगति रिपोर्ट जारी की जाएगी।
- उद्देश्य: राज्यों, शहरों व उद्योगों के बीच साझेदारी और निवेश को बढ़ावा देना।

### हरित भारत एक्सपो 2025 (25-27 जुलाई, कोटा)

- प्रदर्शनी में रिन्युएबल एनर्जी कंपनियाँ, EV निर्माता, नई तकनीक और उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे।
- आयोजनकर्ता: लघु उद्योग भारती, सोलर संगठन भारत, हाड़ौती सोलर एंड पावर एसोसिएशन, दी एसएसआई एसोसिएशन।

### राज्य स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस समारोह (5 जून 2025, जयपुर)

- स्थान: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- थीम: "प्लास्टिक से दूरी, पर्यावरण संरक्षण ज़रूरी"
- मुख्य अतिथि: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- आयोजन: राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

## रिपोर्ट एवं इंडेक्स

### केयर एज रिपोर्ट 2025 में राजस्थान का प्रदर्शन

- राष्ट्रीय रैंक: राजस्थान को 12वां स्थान मिला।
- कुल समेकित स्कोर: 40.50%
- शीर्ष राज्य: केरल (90.50%)
- मूल्यांकन क्षेत्र: आर्थिक, वित्तीय, सामाजिक, पर्यावरणीय, प्रशासनिक आदि।

**राजस्थान का प्रदर्शन (स्कोर और रैंक)**

| क्षेत्र | स्कोर (%) | रैंक |
|---|---|---|
| समेकित (Composite) | 40.50 | 12 |
| आर्थिक (Economic) | 34.30 | 12 |
| राजकोषीय (Fiscal) | 41.10 | 14 |
| वित्तीय विकास (Financial Development) | 39.50 | 7 |
| अवसंरचना (Infrastructure) | 33.10 | 11 |
| सामाजिक (Social) | 50.80 | 12 |
| शासन (Governance) | 59.80 | 10 |
| पर्यावरण (Environment) | 34.30 | 14 |

### 'गिव अप' अभियान में जयपुर जिला प्रथम स्थान पर

- उद्देश्य: राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) से अपात्र लाभार्थियों को स्वयं नाम हटाने के लिए प्रेरित करना।
- राजस्थान में प्रथम: जयपुर
- जयपुर में 'गिव अप' संख्या: 1,88,255 अपात्र व्यक्तियों ने स्वयं नाम हटाया।

**'गिव अप' की श्रेणियों में आने वाले:**

1. सरकारी/अर्द्ध-सरकारी/स्वायत्त संस्थाओं में कार्यरत व्यक्ति
2. जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक
3. 1 लाख रुपये से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाले
4. निजी चारपहिया वाहन धारक या आयकरदाता

### वर्षा जल संचयन रैंकिंग – 2025

- जारीकर्ता: जल शक्ति मंत्रालय

- अवधि: 1 अप्रैल 2024 – 31 मई 2025
- मूल्यांकन आधार: कैच द रेन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण कार्य
- राजस्थान – देश में तीसरा स्थान

**वर्षा जल संचयन के आधार परशीर्ष 5 राज्य और जिले**

| शीर्ष राज्य | शीर्ष जिले |
|---|---|
| 1. तेलंगाना | 1. खंडवा (मध्यप्रदेश) |
| 2. छत्तीसगढ़ | 2. भीलवाड़ा (राजस्थान) |
| 3. राजस्थान | 3. बालोद (छत्तीसगढ़) |
| 4. मध्य प्रदेश | 4. आदिलाबाद (तेलंगाना) |
| 5. उत्तर प्रदेश | 5. बाड़मेर (राजस्थान) |

- खंडवा (म.प्र.): 1.29 लाख जल संरक्षण कार्य पूरे किए (तालाब, रेन हार्वेस्टिंग आदि)।
- राजस्थान के 2 जिले शीर्ष 5 में – भीलवाड़ा (2) और बाड़मेर (5)।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में राजस्थान का प्रदर्शन – 2025**

- **राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त योजनाएं:**

1. जननी सुरक्षा योजना
2. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

- **स्वास्थ्य की अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ:**
    - 3,355 पंचायतें: टीबी मुक्त घोषित
    - 7 अप्रैल 2025: निरामय राजस्थान अभियान की शुरुआत
- **मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना:**
    - 1.34 करोड़ परिवारों को ₹25 लाख तक का कैशलेस उपचार
    - 11,655 चिकित्सा संस्थान → आयुष्मान आरोग्य मंदिर में परिवर्तित
    - 6.23 करोड़ से अधिक लोगों की आभा आईडी बनाई गई

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य

### फ्लिपकार्ट को मिला NBFC लाइसेंस

- फ्लिपकार्ट भारत की पहली प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी है जिसे RBI से NBFC (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) का लाइसेंस मिला।
- यह लाइसेंस ग्राहकों और विक्रेताओं को सीधे ऋण देने की अनुमति देता है।
- कंपनी अब अपने फिनटेक ऐप super.money के माध्यम से वित्तीय सेवाओं का विस्तार करेगी।
- फ्लिपकार्ट वर्तमान में वॉलमार्ट के स्वामित्व में है।
- NBFC कंपनियाँ ऋण देती हैं, लेकिन जमा स्वीकार नहीं कर सकतीं।
- इनका संचालन RBI अधिनियम, 1934 के तहत होता है।

### ध्रुव नीतिः डिजिटल एड्रेस प्रणाली

- डाक विभाग के माध्यम से भारत सरकार ने ध्रुव नीति दस्तावेज जारी किया।
- इसका उद्देश्य मानकीकृत व जियो-कोडेड डिजिटल एड्रेस सिस्टम बनाना है।
- यह नीति DIGIPIN पहल पर आधारित है।
- इसका लक्ष्य डिजिटल एड्रेस को आधार और UPI जैसी राष्ट्रीय डिजिटल संरचना का हिस्सा बनाना है।
- **मुख्य विशेषताएंः**
    - ○ क्षेत्रीय विविधताओं को दूर करने के लिए पता मानकीकरण।
    - ○ Address-as-a-Service (AaaS) मॉडल के तहत पता प्रबंधन।
    - ○ उपयोगकर्ता को डिजिटल पते पर नियंत्रण और अनुकूलन की सुविधा।
    - ○ सरकार, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और वित्तीय सेवाओं में इंटरऑपरेबिलिटी के लिए डिज़ाइन।

### एआई विश्वविद्यालय की स्थापना

- आंध्र प्रदेश सरकार और अमेरिकी कंपनी एनवीडिया के बीच समझौता।
- राज्य में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा।
- अगले दो वर्षों में 10,000 इंजीनियरिंग छात्रों को एआई से संबंधित कौशल प्रदान किए जाएंगे।

### लद्दाखः आरक्षण और भाषा कानूनों में संशोधन (राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश)

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के नियमों में संशोधन हेतु अध्यादेश जारी किए।
- लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राष्ट्रपति को कार्यकारी अधिकार प्राप्त हैं।
- **मुख्य संशोधनः**
    - ○ सरकारी नौकरियों में आरक्षणः एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा अधिकतम 85% तय की गई।
    - ○ अधिवास नीतिः अधिवास पाने के लिए 15 वर्षों का निरंतर निवास आवश्यक (2019 से गिनती)।
    - ○ 2019 के बाद बसे लोग 2034 तक अधिवासी नहीं माने जाएंगे।
    - ○ महिलाओं का आरक्षणः लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (हिल काउंसिल) में 33% महिला आरक्षण पहली बार लागू।
    - ○ आधिकारिक भाषाएंः अब लद्दाख की आधिकारिक भाषाएं होंगी – अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, भोटी, और पुर्गी।

### नक्शा क्षमता निर्माण कार्यक्रम – चरण 2




- ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग (DoLR) द्वारा "नक्शा" कार्यक्रम के दूसरे चरण का प्रशिक्षण 2 जून 2025 से शुरू हुआ।
- इसका उद्देश्य भू-स्थानिक तकनीकों के माध्यम से शहरी संपत्तियों के प्रभावी सर्वेक्षण के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षित करना है।
- 157 शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) से 304 अधिकारियों को नामित किया गया है।

**प्रशिक्षण केंद्रः**

1. LBSNAA, मसूरी (उत्तराखंड)
2. YASHADA, पुणे (महाराष्ट्र)
3. पूर्वोत्तर COE, गुवाहाटी (असम)
4. MGIPA, चंडीगढ़ (पंजाब)
5. ATI, मैसूरु (कर्नाटक)

- **नक्शा कार्यक्रम की विशेषताएंः**
    - ○ सटीक, पारदर्शी और डिजिटल भूमि रिकॉर्ड सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी समाधान।
    - ○ 27 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 157 ULBs में पायलट परियोजना के रूप में लागू।
    - ○ सहयोगी संस्थानः Survey of India, NICSI, MPSEDC, और पाँच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र।

### मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे (समृद्धि महामार्ग)

- महाराष्ट्र सरकार की समृद्धि महामार्ग परियोजना का हाल ही में उद्घाटन हुआ।

- यह एक ग्रीनफील्ड, एक्सेस-कंट्रोल्ड, छह लेन वाला एक्सप्रेसवे है।
- 701 किमी लंबी यह सड़क मुंबई और नागपुर को जोड़ती है।
- इस एक्सप्रेसवे से अब मुंबई से नागपुर की यात्रा केवल 7 घंटे में पूरी की जा सकती है।
- परियोजना का उद्देश्य राज्य की वाणिज्यिक और शीतकालीन राजधानियों के बीच तेज और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है।

**भारत की पहली त्रि-सेवा अखिल महिला नौकायन टीम– सेशेल्स यात्रा से लौटी**

- भारतीय सशस्त्र बलों की पहली त्रि-सेवा ऑल-वुमन सेलिंग टीम ने 4 जून 2025 को सेशेल्स से वापसी की।
- टीम ने स्वदेशी 56 फीट लंबी नौका 'त्रिवेणी' पर सवार होकर 1,800 नॉटिकल मील की अंतरराष्ट्रीय समुद्री यात्रा पूरी की।
- यह भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑल-वुमन ओपन-सी सेलिंग मिशन था।
- **मुख्य विवरण:**
  - अवधि: 7 अप्रैल – 4 जून 2025
  - दूरी: 1,800 नॉटिकल मील
  - जहाज: नौका 'त्रिवेणी'
  - टीम: सेना, नौसेना और वायुसेना की कुल 11 महिला अधिकारी

**भारतीय भाषा अनुभाग (BBA) की शुरुआत**

- 6 जून 2025 को गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारतीय भाषा अनुभाग (Bharatiya Bhasha Anubhag – BBA) का शुभारंभ किया।
- उद्देश्य: सरकारी कामकाज में भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देना और विदेशी भाषाओं के प्रभाव को कम करना।
- ₹56 करोड़ का बजटीय प्रावधान (2024–25) इस उद्देश्य के लिए किया गया।
- C-DAC को तकनीकी विकास की जिम्मेदारी दी गई।
- यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच भारतीय भाषाओं में संवाद को बढ़ावा देगा।

**भारत की जनगणना 2025 – अधिसूचना जारी**

- गृह मंत्रालय (MHA) ने 16 जून 2025 को जनगणना 2025 की अधिसूचना जारी की।
- यह भारत की पहली डिजिटल और जाति आधारित जनगणना होगी, जिसकी समाप्ति 1 मार्च 2027 तक होगी।
- 2026 के बाद प्राप्त आंकड़ों का उपयोग परिसीमन, महिला आरक्षण और नीति-निर्माण में किया जाएगा।
- मोबाइल ऐप के ज़रिए रीयल-टाइम डेटा एंट्री और स्वयं गणना (Self-enumeration) का विकल्प शामिल होगा।
- 30 अप्रैल 2025 को केंद्र सरकार ने जाति आधारित जनगणना को मंजूरी दी थी।
- यह डेटा सामाजिक न्याय, आरक्षण नीतियों, और लक्षित सरकारी योजनाओं के लिए सहायक होगा।

**प्रक्रिया के दो चरण:**

1. **हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (HLO):** मकानों, संपत्ति, बिजली, जल, शौचालय आदि से संबंधित जानकारी संग्रह।
2. **जनसंख्या गणना (Population Enumeration - PE) :-** व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, और जातिगत जानकारी।

**ऑपरेशन 'सिंधु'**

- भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया अभियान, जिसका उद्देश्य ईरान-इज़राइल संघर्ष के बीच ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों और विद्यार्थियों को सुरक्षित निकालना था।
- निकासी मार्ग: ईरान से आर्मेनिया के रास्ते।
- यह अभियान भारत के अंतरराष्ट्रीय निकासी अभियानों की श्रृंखला का हिस्सा है।
- **अन्य प्रमुख निकासी मिशन:**
  - ऑपरेशन गंगा: यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीयों कीनिकासी।
  - ऑपरेशन कावेरी: सूडान संकट में फंसे भारतीयों की सहायता।
  - वंदे भारत मिशन: COVID-19 के दौरान विभिन्न देशों से नागरिकों की वापसी।

**बिहार: भारत की पहली मोबाइल-आधारित ई-वोटिंग प्रणाली**

- बिहार भारत का पहला राज्य बना, जहां मोबाइल ऐप के जरिए ई-वोटिंग लागू की जा रही है।
- यह व्यवस्था 28 जून 2025 को नगर निकाय चुनावों में प्रयोग की जाएगी।
- घोषणा: बिहार राज्य निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद द्वारा।
- **मुख्य विशेषताएं:**
- मतदाता बिना मतदान केंद्र गए मोबाइल ऐप के जरिए वोट डाल सकेंगे।
- **दो ऐप्स के माध्यम से संचालन:**
  1. "e-Voting SECBHR" – विकसित: C-DAC
  2. बिहार राज्य निर्वाचन आयोग का एक अन्य ऐप
- यह प्रणाली विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों, दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर रूप से बीमार मतदाताओं के लिए उपयोगी होगी।

**पुडुचेरी: 'नेवा (NeVA)' प्लेटफॉर्म अपनाने वाला 19वां विधानमंडल**

- पुडुचेरी विधानसभा ने राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA) को अपनाकर भारत का 19वां विधानमंडल बनने का गौरव प्राप्त किया।
- नेवा परियोजना का उद्देश्य विधायी प्रक्रियाओं को डिजिटल और कागज़ रहित बनाना है।
- यह 100% केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है और इसे संसदीय कार्य मंत्रालय लागू कर रहा है।
- पहला राज्य: नागालैंड (2022)

**29वीं वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (FSDC) बैठक**

- 10 जून 2025 को मुंबई में आयोजित हुई।
- अध्यक्षता: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

- प्रतिभागी: RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा (FSDC उप-समिति प्रमुख), वित्त मंत्रालय और अन्य वित्तीय नियामक संस्थान।
- **प्रमुख एजेंडा:** भारत की वित्तीय स्थिरता, आर्थिक जोखिम प्रबंधन रणनीतियाँ, अंतर-नियामक समन्वय।
- **FSDC की स्थापना:** वर्ष 2010, रघुराम राजन समिति की सिफारिश पर।
    - उद्देश्य: वित्तीय क्षेत्र की निगरानी, विकास और समन्वय सुनिश्चित करना।

### भारत के लोकपाल का नया आदर्श वाक्य

- 11 जून 2025 को लोकपाल संस्थान ने नया आदर्श वाक्य अपनाया:
- "नागरिक सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार उजागरीकरण"।
- उद्देश्य: लोकपाल की भूमिका को जनोन्मुख, सक्रिय और जागरूकता-आधारित बनाना ताकि इसकी दृश्यता और जनसंपर्क को मजबूत किया जा सके।




**लोकपाल**

- लोकपाल भारत का एक स्वतंत्र वैधानिक निकाय है।
- गठन: लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के तहत।
- उद्देश्य: केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, मंत्रियों और नौकरशाहों के विरुद्ध भ्रष्टाचार की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच करना।
- **लोकपाल की संरचना**
- अध्यक्ष: सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश
- वर्तमान अध्यक्ष: श्री अजय माणिकराव खानविलकर
- सदस्य: अधिकतम 8 सदस्य, जिनमें से 50% तक न्यायिक पृष्ठभूमि से हो सकते हैं।

### 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक

- तिथि व स्थान: 24 जून 2025, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
- अध्यक्षता: केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह
- सदस्य राज्य: उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड

### भारत में क्षेत्रीय परिषद प्रणाली

- स्थापना: पं. नेहरू की सिफारिश पर, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के तहत
- संख्या: 5 क्षेत्रीय परिषदें + 1 पूर्वोत्तर परिषद (1971 अधिनियम)
- **उद्देश्य:** राज्य समन्वय, राष्ट्रीय एकता, क्षेत्रीय अलगाव की रोकथाम
- प्रकृति: सलाहकार निकाय; सिफारिशें बाध्यकारी नहीं
- सभी परिषदों के अध्यक्ष: केंद्रीय गृह मंत्री

### नव्या योजना: किशोरियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण

- लॉन्च: 24 जून 2025, सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)
- उद्देश्य: 18–16 वर्ष की कक्षा 10 पास किशोरियों को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में कौशल देना
- प्रशिक्षण क्षेत्र: ग्राफिक डिज़ाइन, ड्रोन असेंबली, सोलर इंस्टॉलेशन आदि
- सहभागी मंत्रालय: महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास
- शुभारंभकर्ता: जयंत चौधरी व सावित्री ठाकुर
- प्रारंभिक कार्यान्वयन: 19 राज्यों के 27 जिले (आकांक्षी जिले शामिल)

### त्रिपुरा: पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त करने वाला राज्य

- त्रिपुरा भारत का चौथा राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बना (लद्दाख, मिजोरम, गोवा के बाद)
- मानदंड : 94 प्रतिशत आबादी कार्यात्मक रूप से साक्षर
- कार्यक्रम: उल्लास (2022), नव भारत साक्षरता कार्यक्रम
- घटक: साक्षरता, जीवन कौशल, व्यावसायिक शिक्षा, सतत शिक्षा, मूलभूत शिक्षा

### असम: ट्रांसजेंडर समुदाय को OBC दर्जा

- ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को अब OBC वर्ग का लाभ मिलेगा (शिक्षा, नौकरी, योजनाओं में आरक्षण)
- भारत में पहला राज्य: मध्य प्रदेश (अप्रैल 2023)

# ३. आर्थिक परिदृश्य

**'धरती आबा जनभागीदारी अभियान'**

- शुभारंभ: 15 जून 2025
- आयोजक: केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय (MoTA)
- अवधि: 15 से 30 जून 2025
- उद्देश्य: जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना और सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देना।
- **कवरेज:**
  - 549 जनजातीय बहुल जिले
  - 207 PVTG (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) जिले
  - 2,900+ ब्लॉक
  - 1 लाख गांव और बस्तियाँ
- **प्रमुख सेवाएं शिविरों के माध्यम से:** आधार अपडेट, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, पीएम-किसान, पेंशन, छात्रवृत्ति, बीमा योजनाएं, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका कार्यक्रम

**SEZ नियमों में संशोधन: सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को बढ़ावा**

- उद्देश्य: भारत में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण को प्रोत्साहन देना।
- **मुख्य संशोधन:**
  - न्यूनतम भूमि आवश्यकता: 50 हेक्टेयर से घटाकर 10 हेक्टेयर कर दी गई।
  - ऋण-मुक्त भूमि नियमों में ढील: SEZ भूमि को सरकार या उसकी एजेंसियों को पट्टे/बंधक पर देना अब अधिक लचीला।
  - शुद्ध विदेशी मुद्रा गणना: मुफ्त में प्राप्त वस्तुएं भी इसमें शामिल होंगी।

**SEZ**

- विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) का उद्देश्य निवेश बढ़ाना और निर्यात को प्रोत्साहन देना है।
- यह अवधारणा चीन से प्रेरित है।

**भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में ऐतिहासिक वृद्धि**




- स्रोत: ILO – ILOSTAT 2025 रिपोर्ट
- 2015 में कवरेज: 19%
- 2025 में कवरेज: 64.3%
- वृद्धि: 10 वर्षों में 45 प्रतिशत अंकों की छलांग
- लाभार्थियों की संख्या: 94 करोड़ से अधिक भारतीय
- वैश्विक स्थिति: सामाजिक सुरक्षा लाभार्थियों की संख्या के आधार पर भारत दूसरे स्थान पर
- **सामाजिक सुरक्षा में शामिल सेवाएं:** स्वास्थ्य सहायता, आजीविका सुरक्षा, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी सहायता, आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा

**DFCC बैंक बना NSE IX पर सूचीबद्ध पहला विदेशी कॉरपोरेट**

- श्रीलंका के DFCC बैंक पीएलसी ने भारत के GIFT सिटी स्थित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज – इंटरनेशनल एक्सचेंज (NSE IX) पर LKR 2.5 अरब मूल्य के ग्रीन बॉन्ड की द्वितीयक लिस्टिंग की।
- यह NSE IX पर सूचीबद्ध होने वाला पहला विदेशी कॉरपोरेट बन गया।
- यह पहल भारत–श्रीलंका पूंजी बाजार सहयोग को बढ़ाएगी और GIFT सिटी को वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक कदम है।

**हिंदी मौलिक पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना – RBI की पहल**

- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा शुरू की गई योजना का उद्देश्य:**
  - आर्थिक, बैंकिंग और वित्तीय विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करना।
- **पात्रता:**
  - UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से संबद्ध
  - कार्यरत/सेवानिवृत्त प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर या असिस्टेंट प्रोफेसर
  - हिंदी में मौलिक (अनुवाद नहीं) पुस्तक लिखी हो
- **मुख्य शर्तें:**
  - पुस्तक 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच प्रकाशित हो
  - न्यूनतम 200 पृष्ठों की हो
  - विषय: अर्थशास्त्र, बैंकिंग या वित्त
- **पुरस्कार:**
  - हर वर्ष 3 सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें चुनी जाएंगी
  - प्रत्येक विजेता को ₹1,25,000 की पुरस्कार राशि मिलेगी

**पंजाब में 'उद्योग क्रांति' पहल की शुरुआत**

- 10 जून 2025 को पंजाब सरकार ने 'पंजाब उद्योग क्रांति' कार्यक्रम लॉन्च किया।
- यह भारत की पहली राज्य-स्तरीय औद्योगिक क्रांति पहल है।

- **प्रमुख विशेषताएं:**
    - 45-दिवसीय डीम्ड अप्रूवल सिस्टम: आवेदन 45 कार्यदिवस में निपटेंगे, नहीं तो स्वचालित मंजूरी मिलेगी।
    - FastTrack पंजाब पोर्टल: एकीकृत डिजिटल सिंगल विंडो सेवा, बिना मैन्युअल फॉलोअप।
    - 7-दिन में त्रुटियों की जानकारी: आवेदन समीक्षा त्वरित और पारदर्शी।
    - स्व-प्रमाणन प्रणाली: विशेषज्ञ पैनल पर निर्भरता घटेगी।
    - रंग-कोडित स्टाम्प पेपर: पहली बार सभी शुल्क (CLU, अग्निशमन, प्रदूषण) को एकीकृत किया गया।
    - 15 दिन में सभी स्वीकृतियाँ जारी होंगी।
    - सिंगल विंडो, सिंगल पेन सिस्टम: उद्योगपतियों को सिर्फ एक ही प्राधिकरण से संपर्क करना होगा।

### NPCI और IDRBT की साझेदारी – डिजिटल भुगतान सुरक्षा

- संस्थान: NPCI (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) और IDRBT (बैंकिंग प्रौद्योगिकी में विकास व अनुसंधान संस्थान)
- उद्देश्य: भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली को सुरक्षित, लचीला, और साइबर खतरों के प्रति तैयार बनाना।
- यह समझौता भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल लेनदेन क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.5% की कटौती

- तारीख: 6 जून 2025 से प्रभावी
- रेपो दर में कटौती: 0.5% (50 आधार अंक)
- **नई प्रमुख दरें (RBI – जून 2025):**
    - रेपो दर: 5.50%
    - रिवर्स रेपो दर: 3.35% (कोई बदलाव नहीं)
    - स्थायी जमा सुविधा (SDF): 5.25% (पहले 5.75%)
    - सीमांत स्थायी सुविधा (MSF): 5.75% (पहले 6.25%)
    - बैंक दर: 5.75% (पहले 6.25%)
    - CRR: वर्तमान में 4%, 29 नवंबर तक घटकर 3%
    - SLR: 18% (कोई बदलाव नहीं)
- GDP वृद्धि दर (NSO – 30 मई 2025):
- 2024–25: 6.5%
- 2025–26 पूर्वानुमान: 6.5%

**मौद्रिक नीति समिति (MPC)**

- स्थापना: 29 सितंबर 2016
- अधिनियम: भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB
- उद्देश्य: मुद्रास्फीति नियंत्रण हेतु नीतिगत ब्याज दर निर्धारित करना
- कुल सदस्य: 6

**वर्तमान सदस्य (1 अक्टूबर 2024 की अधिसूचना के अनुसार):**

1. संजय मल्होत्रा – अध्यक्ष (RBI गवर्नर)
2. डॉ. नागेश कुमार
3. प्रो. राम सिंह
4. सौगत भट्टाचार्य
5. डॉ. राजीव रंजन
6. डॉ. पूनम गुप्ता

### ADB द्वारा भारत के शहरी विकास के लिए 10$ बिलियन की घोषणा

- घोषणा: एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा
- उद्देश्य: भारत में शहरी परिवर्तन और विकास को गति देना
- निवेश राशि: अगले 5 वर्षों में $10 बिलियन, "Urban Challenge Fund" के माध्यम से
- **प्रमुख फोकस क्षेत्र:**
    - मेट्रो नेटवर्क का विस्तार
    - रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) कॉरिडोर का निर्माण
    - शहरी बुनियादी ढांचा और सेवाएं: पानी, सीवरेज, सड़क आदि
- तकनीकी सहायता: $3 मिलियन से राज्यों और ULBs की परियोजना योजना और कार्यान्वयन क्षमता में वृद्धि

### गौतम बुद्ध नगर में इलेक्ट्रानिक्स EMC 2.0 की स्थापना

- EMC: औद्योगिक विनिर्माण क्लस्टर
- स्थान: गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
- लागत: ₹417 करोड़
- विकासकर्ता: यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA)
- क्षेत्रफल: 200 एकड़
- उद्देश्य: इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश, रोजगार और तकनीकी विकास को बढ़ावा देना

#### EMC 2.0 योजना

- शुभारंभ: 2020 (EMC योजना 2012 का उन्नत संस्करण)
- नोडल मंत्रालय: इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- मुख्य उद्देश्य: इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का स्थानीय उत्पादन बढ़ाना, आयात पर निर्भरता घटाना

**मुख्य विशेषताएँ:**

- **वित्तीय सहायता:**
    - » **ग्रीनफील्ड:** 100 एकड़ पर अधिकतम ₹70 करोड़ (%50 तक लागत)
    - » **ब्राउनफील्ड:** बुनियादी ढांचे की लागत का %75 (अधिकतम ₹50 करोड़)
- बुनियादी ढांचा: फैक्ट्री शेड, गोदाम, बिजली-पानी, लॉजिस्टिक्स, आदि
- साझा सुविधाएँ: कौशल केंद्र, लैब, हॉस्टल, R&D केंद्र
- डिज़ाइन: क्लस्टर-आधारित, पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण

## उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) का नया आधार वर्ष

- नया आधार वर्ष: 2024 (लागू: 2026 की पहली तिमाही)
- पुराना आधार वर्ष: 2012
- उद्देश्य: मुद्रास्फीति का सटीक मापन व अद्यतन उपभोक्ता व्यवहार को परिलक्षित करना
- CPI वस्तुएँ: 299 से बढ़ाकर ~407
- सेवाओं की हिस्सेदारी: बढ़ने की संभावना (डिजिटल सेवाएं, हेल्थटेक, प्रोसेस्ड फूड आदि शामिल)
- **आधार:** गृह उपभोग व्यय सर्वेक्षण (HCES) 24-2023
- **अन्य सूचकांकों के लिए नया आधार वर्ष:**
  - » GDP: 23-2022
  - » IIP: अस्थायी आधार वर्ष 23-2022

## सोना बना दूसरी सबसे बड़ी आरक्षित संपत्ति

- रिपोर्ट स्रोत: यूरोपीय सेंट्रल बैंक
- दुनिया में आरक्षित संपत्तियों में हिस्सेदारी:
  1. अमेरिकी डॉलर – 46%
  2. सोना – 20% (यूरो को पीछे छोड़ा)
  3. यूरो – 16%
- वैश्विक स्वर्ण भंडार: ~36,000 टन
- शीर्ष स्वर्ण धारक: यूएस फेडरल रिजर्व (8,133.46 टन)

## NACH 3.0

- पूरा नाम: National Automated Clearing House
- नोडल संस्था: NPCI (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम)
- लागू होने की तिथि: जुलाई 2025 के पहले सप्ताह से
- उद्देश्य: आवर्ती डिजिटल लेनदेन को और अधिक तेज़, सुरक्षित और पारदर्शी बनाना
- उपयोग: वेतन, पेंशन, EMI, सब्सिडी, म्यूचुअल फंड, OTT सदस्यता, बिल भुगतान आदि के लिए केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली

# 4. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

### प्रधानमंत्री मोदी की साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया यात्रा

- समयावधि: 15–19 जून 2025
- प्रथम चरण: 15–16 जून को साइप्रस का दौरा

**दो प्रमुख समझौते:**

1. NSE इंटरनेशनल एक्सचेंज और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता
2. यूपीआई सिस्टम को साइप्रस में लागू करने हेतु Eurobank के साथ समझौता

### साइप्रस का रणनीतिक महत्व

- यूरोपीय संघ (EU) का सदस्य
- 2026 में EU की अध्यक्षता करेगा
- **भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण:** भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) का अहम हिस्सा, गैस संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र, पूर्वी भूमध्य सागर में स्थित द्वीप राष्ट्र
- राजधानी: निकोसिया

### 51वां G7 शिखर सम्मेलन (2025) – कनाडा

- तारीख: 15–17 जून 2025
- स्थान: कनानास्किस, अल्बर्टा (कनाडा)
- अध्यक्षता: कनाडा द्वारा
- सदस्य देश: कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूके, अमेरिका + यूरोपीय संघ
- **प्रमुख आमंत्रित (आउटरीच) देश:** भारत (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी), ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, यूक्रेन आदि

**मुख्य एजेंडे:**

1. वैश्विक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि
2. ऊर्जा सुरक्षा व डिजिटल परिवर्तन
3. वैश्विक सुरक्षा (ईरान-इज़राइल और रूस-यूक्रेन संघर्ष)
4. आतंकवाद और साइबर खतरों से निपटना
5. शरणार्थी सुरक्षा और मानवीय सहायता

**G7 समूह**

- स्थापना: 1975 (फ्रांस की पहल पर)
- मूल G6 सदस्य: फ्रांस, पश्चिम जर्मनी, इटली, जापान, यूके, अमेरिका
- 1976: कनाडा के जुड़ने से बना G7
- 1998: रूस के जुड़ने से बना G8
- 2014: क्रीमिया संकट के बाद रूस निष्कासित, पुनः G7
- **प्रभाव:**
  - यह समूह वैश्विक आर्थिक, तकनीकी व भू-राजनीतिक मामलों में नीतिगत नेतृत्व करता है।
  - G7 में शामिल देश दुनिया की प्रमुख विकसित और औद्योगिक अर्थव्यवस्थाएं हैं।

### G2026 7 – फ्रांस मेज़बान

- स्थान: एवियन-लेस-बेन्स, फ्रांस
- तारीख: 14–16 जून 2026
- नोट: इसी शहर में 2003 में भी G7 सम्मेलन आयोजित हुआ था।

### प्रधानमंत्री मोदी की क्रोएशिया यात्रा (2025)

- समयावधि: 15–19 जून 2025 (साइप्रस, कनाडा, क्रोएशिया यात्रा)
- G7 सम्मेलन में भागीदारी: कनाडा के कनानास्किस में आउटरीच सत्र में
- यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली आधिकारिक क्रोएशिया यात्रा थी।
- मुलाकात: राष्ट्रपति ज़ोरान मिलनोविच से

**4 समझौता ज्ञापन (MoUs):**

1. कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग
2. विज्ञान व प्रौद्योगिकी सहयोग
3. सांस्कृतिक आदान-प्रदान
4. ज़ाग्रेब विश्वविद्यालय में हिंदी पीठ की स्थापना

**क्रोएशिया**

- दक्षिण-पूर्व यूरोप के बाल्कन प्रायद्वीप में स्थित
- 1992 में यूगोस्लाविया से स्वतंत्र
- EU और NATO का सदस्य
- राजधानी: ज़ाग्रेब

### ऑपरेशन 'ट्रू प्रॉमिस 3' – ईरान का जवाबी हमला

- प्रारंभ: ईरान द्वारा
- प्रसंग: इज़राइल के हमलों (नतांज़, इस्फहान और वरिष्ठ अधिकारियों पर) के जवाब में
- क्रियान्वयन: IRGC (Islamic Revolutionary Guard Corps)
- लक्ष्य:
- इज़राइली शहर: तेल अवीव, हैफा, रेहोवोत
- सामरिक ढांचे: बिजली संयंत्र, तेल रिफाइनरी, अनुसंधान केंद्र

### ऑपरेशन "राइजिंग लायन"

- तारीख: 13 जून 2025
- क्रियान्वयन: इज़राइल द्वारा
- **लक्ष्य:** ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकाने, विशेष रूप से नतांज़ यूरेनियम संवर्धन केंद्र

### इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA)

- अध्यक्ष (2025): भूपेंद्र यादव (पर्यावरण मंत्री)
- महानिदेशक: एस.पी. यादव
- घोषणा: 9 अप्रैल 2023, मैसूर (प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ)
- स्थापना: मार्च 2024 (भारत सरकार द्वारा)
- लक्ष्य: 7 बड़ी बिल्ली प्रजातियों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर, चीता) के संरक्षण हेतु वैश्विक सहयोग
- संचालन: राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के अंतर्गत
- सचिवालय: भारत में स्थापित किया जाएगा
- पहली बैठक: 16 जून 2025 – कार्यप्रणाली व बजट की स्वीकृति

## 113वां अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (ILC) – 2025

- तारीख: 2–13 जून 2025
- स्थान: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- आयोजक: ILO (International Labour Organization)
- भारत का प्रतिनिधित्व: डॉ. मनसुख मांडविया (केंद्रीय श्रम मंत्री)
- **भारत की उपलब्धियां :**
  - बेरोजगारी दर: 2017 में 6% → 2024 में 3.2%
  - ई-श्रम पोर्टल: 30 करोड़ असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण
  - सामाजिक सुरक्षा कवरेज: 2019 में 24.4% → 2025 में 64.3%
  - 2025 का डेटा: ILOSTAT में अपडेट करने वाला पहला देश बना भारत

**ILC**
- स्थापना: 1919 (वाशिंगटन)
- ILO का सर्वोच्च नीति निर्धारण मंच
- उपाधि: "Parliament of Labour"
- उद्देश्य: वैश्विक श्रम मानकों का निर्माण, समीक्षा और नीति मूल्यांकन

## 2026: 'महिला कृषक का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष' – संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा

- घोषणा: संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा
- **उद्देश्य:**
  - वैश्विक खाद्य सुरक्षा में महिला किसानों की भूमिका को उजागर करना
  - लैंगिक समानता को बढ़ावा देना
- **महत्वपूर्ण आंकड़े:**
  - वैश्विक खाद्य आपूर्ति में 50% योगदान महिलाओं का
  - दक्षिण एशिया में 39% कृषि श्रम महिलाओं की भागीदारी
  - भारत में आर्थिक रूप से सक्रिय महिलाओं में से 80% कृषि क्षेत्र में कार्यरत

## 'ब्लू NDC चैलेंज' – फ्रांस और ब्राजील की पहल

- घोषणा: तीसरे संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन (UNOC3) में (9–13 जून 2025, नीस, फ्रांस)
- **उद्देश्य:**
  - जलवायु योजनाओं में महासागरों को शामिल करना
  - पेरिस समझौते की NDCs में समुद्री उपायों को प्राथमिकता देना
- **भागीदार देश (अब तक):** ऑस्ट्रेलिया, फिजी, केन्या, मैक्सिको, पलाऊ, सेशेल्स, फ्रांस, ब्राजील।
- आगामी सम्मेलन: COP30 (नवंबर 2025) की मेजबानी ब्राजील करेगा

## 2028: चौथा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन – चीन और दक्षिण कोरिया मेज़बान

- घोषणा: 13 जून 2025, UNOC3 के समापन पर
- **तीसरे सम्मेलन (2025) :**
  - मेजबान: फ्रांस और कोस्टारिका
  - स्थान: नीस, फ्रांस
  - तिथि: 9–13 जून 2025
  - थीम: "महासागर के संरक्षण और सतत उपयोग के लिए सभी हितधारकों को संगठित करना और कार्यवाही में तेज़ी लाना"
    - केंद्रबिंदु: SDG-14 (समुद्री जीवन)
    - घोषणापत्र: "हमारा महासागर, हमारा भविष्य"
    - **अन्य घोषणाएं:**
      - **कोरल बॉन्ड लॉन्च:** इंडोनेशिया, विश्व बैंक और साझेदारों द्वारा – कोरल रीफ संरक्षण हेतु निजी निवेश जुटाने के लिए।

## SAHAV पोर्टल – भारत की समुद्री संरक्षण पहल

- SAHAV: एक GIS-आधारित निर्णय सहायता प्रणाली
- **उद्देश्य:**
  - समुद्री संरक्षण और तटीय योजना में सहायता
  - भारत की नीली अर्थव्यवस्था को समर्थन देना

## तीसरी ITU-T फोकस ग्रुप (FG-AINN) बैठक – भारत में आयोजन

- तारीख: 11–13 जून 2025
- स्थान: नई दिल्ली
- मेज़बान: भारत (दूरसंचार विभाग - DoT और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर - TEC)
- उद्देश्य: भविष्य के टेलीकॉम नेटवर्क में AI को एक मूलभूत तत्व के रूप में शामिल करना
- **महत्वपूर्ण घोषणाएं:**
  - भारत की मेज़बानी: ITU PP-30 (2030) सम्मेलन
  - भारत का नामांकन: ITU काउंसिल (2027–2031)
  - एम. रेवती को ITU रेडियोकम्युनिकेशन ब्यूरो निदेशक पद के लिए नामित किया गया
    - वह इस पद के लिए पहली महिला और क्षेत्रीय उम्मीदवार हैं

## मुख्य चुनाव आयुक्त का अंतर्राष्ट्रीय IDEA सम्मेलन में संबोधन

- तारीख: 10 जून 2025
- स्थान: स्टॉकहोम, स्वीडन
- प्रतिनिधि: भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार
- सम्मेलन विषय: निर्वाचन की पारदर्शिता और अखंडता
- भागीदारी: 50+ देशों के चुनाव प्रबंधन निकाय
- **भारत की उपलब्धि:**
  - 2024 के आम चुनावों में 2 करोड़ कर्मियों की भागीदारी
  - भारत का चुनाव आयोग – दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी संगठन

**अंतर्राष्ट्रीय IDEA:**
- स्थापना: 1995
- मुख्यालय: स्टॉकहोम, स्वीडन
- सदस्य देश: 31
- उद्देश्य: स्थायी लोकतंत्र को बढ़ावा देना
- भारत: संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र में पर्यवेक्षक दर्जा प्राप्त

### अंतर्राष्ट्रीय आपदा रोधी अवसंरचना सम्मेलन (ICDRI) 2025

- तारीख: 6–7 जून 2025
- स्थान: नीस, फ्रांस (पहली बार यूरोप में आयोजन)
- विषय: "तटीय क्षेत्रों के लिए लचीले भविष्य का निर्माण"
- **भारत की भागीदारी:**
    - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया
    - समुद्री और द्वीपीय क्षेत्रों की आपदा-प्रतिकारी अवसंरचना को मजबूत करने पर ज़ोर

### भारत संयुक्त राष्ट्र ECOSOC का सदस्य चुना गया

- चयन की तारीख: 4 जून 2025
- भारत को मिले वोट: 189 में से 181 मत
- कार्यकाल: 1 जनवरी 2026 – 31 दिसंबर 2028 (तीन वर्ष)
- चुनाव क्षेत्र: एशिया-प्रशांत समूह
- **2026–28 के लिए निर्वाचित सदस्य देश:**
    - अफ्रीका: मोजाम्बिक, सिएरा लियोन, बुरुंडी, चाड
    - एशिया-प्रशांत: भारत, चीन, लेबनान, तुर्कमेनिस्तान
    - पूर्वी यूरोप: क्रोएशिया, यूक्रेन, रूस
    - लैटिन अमेरिका व कैरेबियन: इक्वाडोर, पेरू, सेंट किट्स और नेविस
    - पश्चिमी यूरोप व अन्य: ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे, तुर्किये, फिनलैंड

- **ECOSOC (आर्थिक और सामाजिक परिषद):**
    - संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक
    - स्थापना: 26 जून 1945
    - कुल सदस्य: 54
    - उद्देश्य: वैश्विक आर्थिक व सामाजिक नीतियों पर चर्चा और सिफारिशें करना

### भारत को IIAS (आईआईएएस) का अध्यक्ष चुना गया

- नव निर्वाचित अध्यक्ष: वी. श्रीनिवास (भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार सचिव)
- कार्यकाल: 2025–2028
- पूर्व अध्यक्ष: बहरीन के राएद बेन शम्स
- चुनाव: 10–14 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित आम सभा के दौरान
- वोट परिणाम: भारत – 87 वोट, ऑस्ट्रिया – 54 वोट

**IIAS (International Institute of Administrative Sciences):**
- स्थापना: 1930
- मुख्यालय: ब्रुसेल्स, बेल्जियम
- भारत की सदस्यता: वर्ष 1998 से
- प्रशासन परिषद: इसका मुख्य शासी निकाय

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC): 2026–27 के नए अस्थायी सदस्य

- नए चुने गए देश (कार्यकाल: 1 जनवरी 2026 – 31 दिसंबर 2027):
    - लातविया (पहली बार सदस्य बना)
    - बहरीन
    - कोलंबिया
    - लाइबेरिया
    - कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)
- इन्होंने स्थान लिया: स्लोवेनिया, दक्षिण कोरिया, गुयाना, अल्जीरिया, सिएरा लियोन
- अन्य वर्तमान अस्थायी सदस्य (कार्यकाल 2024–26): डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा, सोमालिया
- **UNSC की संरचना:**
    - कुल सदस्य: 15
    - 5 स्थायी सदस्य (वीटो के साथ): चीन, रूस, फ्रांस, यूके, अमेरिका
    - 10 अस्थायी सदस्य: महासभा द्वारा दो वर्ष के लिए निर्वाचित

### पाकिस्तान – संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति (CTC) का उपाध्यक्ष

- उपाध्यक्ष नियुक्ति: पाकिस्तान, फ्रांस और रूस
- वर्तमान अध्यक्ष: अल्जीरिया
- समिति की स्थापना: UNSC प्रस्ताव 1373 (2001, 9/11 के बाद)
- **उद्देश्य:**
    - वैश्विक आतंकवाद विरोधी प्रयासों का समन्वय
    - आतंकियों की फंडिंग, हथियार आपूर्ति और शरण पर रोक
    - सदस्य देशों को कानूनी व तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना
- सदस्य: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य

### पाकिस्तान–तालिबान प्रतिबंध समिति (1988 समिति) का अध्यक्ष

- नियुक्ति: पाकिस्तान को अध्यक्ष
- वर्तमान उपाध्यक्ष: गुयाना और रूस
- स्थापना: 1999 में UNSC की सहायक समिति के रूप में
- पुनर्गठन: 2011 में प्रस्ताव 1988 के तहत विशेष रूप से तालिबान-केंद्रित
- **प्रमुख कार्य:**
    - प्रतिबंधित व्यक्तियों/संगठनों की संपत्ति फ्रीज करना
    - यात्रा प्रतिबंध लागू करना
    - हथियारों की आपूर्ति और लेनदेन पर रोक

### पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना की भारत यात्रा

- प्रथम आधिकारिक भारत यात्रा राष्ट्रपति पेना की
- पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की दूसरी भारत यात्रा
- **समझौता ज्ञापन (MoU):**
    - » संयुक्त आयोग तंत्र (Joint Commission Mechanism – JCM) की स्थापना
- **उद्देश्य:** द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा और प्राथमिक क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाना

### ग्लेशियर संरक्षण पर दुशांबे सम्मेलन 2025

- तारीख: 27–31 मई 2025
- स्थान: दुशांबे, ताजिकिस्तान
- प्रतिनिधित्व: भारत की ओर से राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह
- **उद्देश्य:**
    - ग्लेशियरों के घटते आकार और ताजे जल संसाधनों पर प्रभाव को उजागर करना
    - वैश्विक रणनीति बनाना – नीति निर्माता, वैज्ञानिक, विशेषज्ञों का साझा मंच

- **आयोजक एवं भागीदार:** ताजिकिस्तान सरकार
    - **सहयोगी संस्थान**: UNESCO, WMO, ADB
- **प्रासंगिक पृष्ठभूमि:**
    - 2025: ग्लेशियर संरक्षण का अंतरराष्ट्रीय वर्ष (UN घोषणा)
        - UNESCO & WMO: जागरूकता अभियानों के प्रभारी
        - 2025–2034: क्रायोस्फेरिक विज्ञान के लिए कार्रवाई का दशक
        - क्रायोस्फीयर: ग्लेशियर, हिमपात, बर्फ की चादरें, पर्माफ्रॉस्ट, समुद्री बर्फ
- आगामी सम्मेलन: नवंबर 2025 – ब्राज़ील (बेलेम) – संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन

**IATA (इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन):**

- स्थापना: 1945
- सदस्य: 300+ एयरलाइंस, 100+ देश
- **उद्देश्य:** हवाई परिवहन को सुरक्षित, कुशल, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल बनाना

**IATA शिखर सम्मेलन 2025 – भारत में आयोजन**

- तारीख: 2 जून 2025
- स्थान: नई दिल्ली
- पिछला आयोजन (भारत): 1983
- उद्घाटन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी – विमानन नीति, कनेक्टिविटी मिशन, वैश्विक सहयोग पर संबोधन
- **भागीदारी:**
    - 100+ देशों से 300+ प्रतिनिधि
    - प्रमुख एयरलाइंस: Emirates, Qatar Airways, Lufthansa, Singapore Airlines आदि

**ईथर ओरफिश (Ether Oarfish)**

- एक गहरे समुद्र में पाई जाने वाली दुर्लभ समुद्री मछली है।
- हाल ही में ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड और भारत (तमिलनाडु तट) पर देखी गई।
- वैज्ञानिकों के अनुसार, इसका सतह पर आना समुद्री पर्यावरण में परिवर्तन का संकेत हो सकता है।
- जापानी संस्कृति में इसे इम्डे फिश और प्रलय की मछली कहा जाता है।

**WTO मत्स्य सब्सिडी समझौता – निकारागुआ बना 101वां सदस्य**

- निकारागुआ ने इस समझौते को स्वीकार कर 101वां सदस्य बनने का दर्जा प्राप्त किया।
- प्रतिनिधि: राजदूत रोसालिया बोहोरकेज़ पालासियोस
- अब समझौते के प्रभाव में आने के लिए केवल 10 और स्वीकृतियाँ आवश्यक हैं।

**WTO मत्स्य पालन सब्सिडी समझौता:**

- स्वीकृति: जून 2022, जिनेवा (WTO MC12)
- प्रथम WTO समझौता जो स्थिरता और समुद्री संसाधनों के संरक्षण पर केंद्रित
- **उद्देश्य:**
    - हानिकारक सब्सिडी समाप्त करना
    - मछली भंडार और जैव विविधता की रक्षा

**जर्मनी बना दुनिया का सबसे बड़ा शुद्ध ऋणदाता (25-2024)**

- 1990 के बाद पहली बार, जर्मनी ने जापान को पीछे छोड़कर यह स्थान प्राप्त किया।
- परिभाषा: शुद्ध ऋणदाता = विदेशी परिसंपत्तियाँ – विदेशी ऋण
- **मुख्य कारण:**
    - ⊠240 बिलियन चालू खाता अधिशेष
    - निर्यात में वृद्धि, आयात में कमी
- **जापान की गिरावट के कारण:**
    - कम ब्याज दरें, मंदी, कमज़ोर येन, घटता विदेशी निवेश

**नाटो (NATO) शिखर सम्मेलन 2025**

- तिथि व स्थान: 25-24 जून 2025, हेग (नीदरलैंड)
- अध्यक्षता: मार्क रूटे (नाटो महासचिव)

**प्रमुख निर्णय:**

- सदस्य देश 2035 तक रक्षा खर्च को GDP के 5 प्रतिशत तक बढ़ाएंगे
    - 3.5 % : मुख्य रक्षा आवश्यकताएं
    - 1.5 % : सुरक्षा-बुनियादी ढांचे में निवेश
- वाशिंगटन संधि के अनुच्छेद 5 (सामूहिक रक्षा) के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई
- अगला सम्मेलन: 2026, तुर्की

**NATO**

- पूर्ण नाम: North Atlantic Treaty Organization
- स्थापना: 4 अप्रैल 1949 (वाशिंगटन संधि)
- मुख्यालय: ब्रुसेल्स, बेल्जियम
- संस्थापक देश: 12
- वर्तमान सदस्य: 32 (नवीनतम – स्वीडन, 7 मार्च 2024)
- उद्देश्य: सामूहिक रक्षा, रूस/सोवियत प्रभाव को संतुलित करना

**SCO रक्षा मंत्रियों की बैठक 2025**

- तिथि व स्थान: 26-25 जून 2025, क़िंगदाओ (चीन)
- भारत का प्रतिनिधित्व: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- **भारत का रुख:**
    - » भारत ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए
    - » कारण: घोषणापत्र में पहल्गाम (कश्मीर) आतंकी हमले का उल्लेख नहीं था
    - » जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुई घटनाओं का ज़िक्र किया गया
- **SCO**
    - » पूरा नाम: शंघाई सहयोग संगठन
    - » स्थापना: 2001 (पूर्ववर्ती – शंघाई 5)
    - » मुख्यालय: बीजिंग, चीन
    - » आधिकारिक भाषाएँ: रूसी और चीनी
    - » वर्तमान अध्यक्ष (2025): चीन
    - » संस्थापक देश: चीन, रूस, कज़ाकिस्तान, किर्गिज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान
    - » भारत व पाकिस्तान: 2017 में शामिल हुए
    - » नवीनतम सदस्य: बेलारूस (10वाँ सदस्य)

**ऑपरेशन "मिडनाइट हैमर" (सं.रा. अमेरिका द्वारा)**

- तिथि: 22 जून 2025
- लक्ष्य: ईरान के परमाणु ठिकाने – फोर्डो, नतांज़, इस्फ़हान

**प्रमुख हथियार/साधनः**

  - » बी2- स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक
  - » टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें
  - » जीबीयू- 57/B "मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर" (पहला वास्तविक उपयोग)
- विशेषता: GBU 57- अब तक का सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम, गहरे और सुरक्षित ठिकानों को भेदने के लिए

**ऑपरेशन "बशायर अल-फ़तह" (ईरान द्वारा)**

- प्रतिक्रिया: अमेरिका के ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के जवाब में
- संचालक: इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC)
- लक्ष्य: कतर स्थित अल-उदीद एयरबेस (अमेरिकी सैन्य ठिकाना)
- अर्थ: "विजय की घोषणा"

**ब्राजील में इफको का पहला विदेशी नैनो उर्वरक संयंत्र**

- स्थापना की घोषणा: इफको द्वारा ब्राज़ील में
- संयुक्त उद्यम: इफको नैनोवेंशन और ब्राज़ील की नैनोफर्ट (अनुपात 7:3)
- वार्षिक क्षमता: 4.5 मिलियन लीटर
- नैनो उर्वरकों की विशेषताएँ
  - » नैनो स्केल (100–1 nm) में पोषक तत्व
  - » कम मात्रा में अधिक पोषण प्रभाव
  - » स्प्रे या ड्रिप सिंचाई से उपयोग
  - » मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक
  - » पर्यावरण-अनुकूल

# 5. अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष मिशन

- मिशन: Axiom Mission 4 (Ax-4)
- उपलब्धि: पहले भारतीय जो ISS (इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन) पर जाएंगे
  - दूसरे भारतीय जो अंतरिक्ष में जाएंगे

**मिशन दल:**

1. पैगी व्हिटसन (अमेरिका) – मिशन कमांडर
2. टिबोर कापू (हंगरी)
3. स्लावोज उज्नान्स्की (पोलैंड)
4. शुभांशु शुक्ला (भारत)

- बैकअप एस्ट्रोनॉट: ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर (भारत)
- **Ax-4 मिशन विवरण:**
  - लॉन्च यान: फाल्कन-9 रॉकेट
  - कैप्सूल: स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल
  - लॉन्च स्थल: कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा (नासा)
  - सहयोग: Axiom Space, SpaceX, और NASA
  - **उद्देश्य:**
    - माइक्रोग्रैविटी में वैज्ञानिक प्रयोग
    - अंतरिक्ष में नई तकनीकों का परीक्षण
    - अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा
    - शैक्षिक गतिविधियों के ज़रिए जागरूकता

### रोबोट संचालित ड्रोन से अंतरिक्ष तक पहुँचने वाला पहला देश – रूस

- रूस बना विश्व का पहला देश जिसने रोबोट द्वारा संचालित ड्रोन को अंतरिक्ष तक पहुंचाने की तकनीक विकसित की।
- नई तकनीक: ऑर्बिटल स्पेस स्टेशन से ड्रोन का स्वचालित संचालन और लॉन्च
- पेटेंट: इस तकनीक को रूस ने पेटेंट कराया है।
- प्लेटफॉर्म: Russian Orbital Station (ROS) – पूर्णतः रोबोटिक रखरखाव पर आधारित
- **विशेषताएं:**
  - ऑटोमैटिक लॉन्च सिस्टम
  - रोबोटिक संचालन
  - चंद्र अभियानों में संभावित उपयोग

### सूर्य के दक्षिणी ध्रुव का पहला चित्रण – ESA

- संस्थान: यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)
- मिशन: सोलर ऑर्बिटर (ESA-NASA का संयुक्त मिशन, लॉन्च: 2020)
- उपलब्धि: सूर्य के दक्षिणी ध्रुव की पहली तस्वीरें जारी
- दूरी: 65 मिलियन किमी से चित्रण
- विशेष घटना: फरवरी 2025 में ऑर्बिटर ने शुक्र के पास से गुजरकर 17° कोण से सूर्य को देखा
- लाभ: सूर्य की शांत और सक्रिय स्थितियों को समझने में सहायता

### फ्लाईआई टेलीस्कोप – ESA की नई अंतरिक्ष तकनीक

- संस्थान: यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)
- टेलीस्कोप नाम: Flyeye
- डिज़ाइन प्रेरणा: मक्खी की आंखों से
- उद्देश्य: खतरनाक क्षुद्रग्रहों (Asteroids) की तेज़ और सटीक पहचान
- **क्षमताएं:**
  - एक साथ आकाश के बड़े हिस्से को स्कैन करता है
  - कुछ मिनट में नए क्षेत्र की तस्वीर लेता है

### होंडा का पुनः प्रयोज्य रॉकेट परीक्षण

- तारीख: 17 जून 2025
- स्थान: टाइकी टाउन, होक्काइडो प्रांत (जापान)
- कंपनी: जापान की ऑटोमोबाइल कंपनी होंडा
- उपलब्धि: पहला पुनः प्रयोज्य रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च और लैंड किया गया।
- **रॉकेट के तकनीकी विवरण:**
  - लंबाई: 6.3 मीटर
  - उड़ान अवधि: 56.6 सेकंड
  - अधिकतम ऊंचाई: 271.4 मीटर
- **प्रमुख तकनीकें:** ऑटोनॉमस नेविगेशन सिस्टम, स्थिर उड़ान नियंत्रण, नियंत्रित लैंडिंग प्रणाली

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### INS अर्णाला – भारत का पहला ASW-SWC जहाज

- कमीशन तिथि: 18 जून 2025
- स्थान: विशाखापट्टनम, नेवी डॉकयार्ड
- नाम प्रेरणा: अर्नाला किला, महाराष्ट्र – भारत की समुद्री विरासत का प्रतीक
- प्रकार: एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC)
- लंबाई: 77.6 मीटर | वजन: 1,490 टन
- प्रणोदन प्रणाली: डीज़ल इंजन + वॉटरजेट तकनीक
- **उद्देश्य:** हिंद महासागर क्षेत्र में उथले जल में दुश्मन पनडुब्बियों की पहचान, निगरानी।
- **विशेष तथ्य:**
  - 16 ASW-SWC जहाजों में से पहला
  - निर्माता: गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता
  - साझेदारी: GRSE और L&T शिपबिल्डर्स के बीच PPP मॉडल में निर्माण

### तेजस Mk 1A – स्वदेशी लड़ाकू विमान का नया संस्करण




- 2025 में डिलीवरी: 12 तेजस Mk 1A विमान वायुसेना में शामिल होंगे
- **प्रारंभिक समझौता:**
    - ₹48,000 करोड़, फरवरी 2021
    - HAL और रक्षा मंत्रालय के बीच, 83 विमानों के लिए
- **नए विमानों का उद्देश्य:** MiG-21, MiG-27 और जगुआर जैसे पुराने लड़ाकू विमानों की जगह लेना
- केंद्र सरकार ने HAL से कुल180 तेजस Mk 1A विमानों का सौदा किया
- पहला चरण: 83 विमान | दूसरा चरण: 97 विमान
- कुल लागत: ₹67,000 करोड़
- **भारतीय वायुसेना की स्थिति:**
    - आदर्श स्क्वाड्रन संख्या: 42
    - वर्तमान स्क्वाड्रन: 30
- **भविष्य योजना:** Mk 1, Mk 1A और Mk 2 सहित 350+ स्वदेशी लड़ाकू विमान

### 300 किमी रेंज वाली पिनाका मिसाइल प्रणाली

- **नई रेंज वेरिएंट:**
    - पिनाका-3: 120 किमी
    - पिनाका-4: 300 किमी
- समयसीमा: अगले 3–5 वर्षों में शामिल, 2030 तक 22 रेजीमेंट तैनात होंगी
- विकासकर्ता: DRDO (स्वदेशी तकनीक)
- **प्रमुख क्षमताएं:**
    - 12 रॉकेट 44 सेकंड में फायर
    - शूट-एंड-स्कूट तकनीक
    - इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम और फायर कंट्रोल कंप्यूटर
- लाभ: तेज़ तैनाती, उच्च सटीकता, लंबी दूरी से मारक क्षमता

### फास्ट पैट्रोल वेसल 'अचल' – भारतीय तटरक्षक बल के लिए

- जलावतरण तिथि: 16 जून 2025, गोवा
- निर्माता: गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)
- सेवा हेतु: भारतीय तटरक्षक बल (ICG)
- श्रृंखला: 8 फास्ट पैट्रोल वेसल्स में पाँचवां पोत
- **प्रमुख विवरण:**
    - लंबाई: 52 मीटर
    - चौड़ाई: 8 मीटर
    - विस्थापन: 320 टन
    - गति: अधिकतम 27 नॉट्स
    - प्रणोदन प्रणाली: नियंत्रित पिच प्रोपेलर (CPP)

### भारत का पहला स्वदेशी ऑटोनॉमस वेपन सिस्टम

- निर्माता: BSS Material Ltd., देहरादून
- **मुख्य विशेषताएं:**
    - AI संचालित मशीनगन, बिना मानवीय हस्तक्षेप
    - दुश्मन की पहचान, पीछा और सटीक हमला
    - डीप लर्निंग, स्वार्म रोबोटिक्स, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर फ्यूजन से सुसज्जित
    - रिमोट से मीलों दूर से ऑपरेट किया जा सकता है
- **रणनीतिक लाभ:**
    - सैनिकों को सीधे युद्ध में भेजने की आवश्यकता नहीं
    - भारत अब अमेरिका, रूस, चीन, इज़राइल, जापान जैसे देशों की AI हथियार विकसित करने वाली सूची में शामिल
- **महत्वपूर्ण संदर्भ:** इज़राइल ने नवंबर 2020 में ईरानी वैज्ञानिक मोहसिन फखरीजादेह की हत्या में AI हथियार का उपयोग किया था

### EU NAVFOR युद्धपोतों की पहली भारत यात्रा (26 मई – 1 जून 2025)

- स्थान: मुंबई बंदरगाह

**युद्धपोत:**

1. ESPPS रीना सोफिया (स्पेन) – कमांडर: साल्वाडोर मोरेनो रेगिल
2. ITS एंटोनियो मार्सेग्लिया (इटली) – कमांडर: अल्बर्टो बार्टोलोमो

- संचालन: ऑपरेशन अटलांटा के तहत
- संयुक्त अभ्यास: 1–3 जून 2025
- भारतीय नौसेना और EU NAVFOR के जहाज और विमान शामिल
- **उद्देश्य:**
    - हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग
    - गैर-पारंपरिक समुद्री खतरों से निपटना
    - संचालन क्षमता का विकास

### भारत का पहला स्वदेशी ध्रुवीय अनुसंधान पोत (Polar Research Vessel - PRV)

- **विकासकर्ता:** GRSE (Garden Reach Shipbuilders & Engineers Ltd)
- कोंग्सबर्ग (नॉर्वे) के साथ साझेदारी
- MoU पर हस्ताक्षर: 3 जून 2025 (उपस्थिति: मंत्री सर्बानंद सोनोवाल)
- मार्गदर्शन: राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र (NCPOR)
- स्थान: कोलकाता स्थित GRSE
- **उद्देश्य:**
    - ध्रुवीय क्षेत्रों (आर्कटिक और अंटार्कटिका) में वैज्ञानिक अनुसंधान
    - जलवायु परिवर्तन, समुद्र विज्ञान, और रसद सहयोग
    - भारत की अंटार्कटिक/दक्षिणी महासागर अभियानों को सशक्त बनाना, स्वदेशी क्षमता विकसित करना

### INS तमाल: भारतीय नौसेना में नया स्टील्थ फ्रिगेट

- कमीशन तिथि: 1 जुलाई 2025
- स्थान: कालिनिनग्राद (रूस)

- निर्माण: रूस में
- विशेष महत्व: भारतीय नौसेना का अंतिम विदेशी निर्मित युद्धपोत
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - वर्ग: तूशील/क्रिवाक क्लास
  - लंबाई: 125 मीटर
  - वजन: 3,900 टन
  - हथियार: ब्रह्मोस क्रूज़ मिसाइल
  - डिज़ाइन: स्टील्थ तकनीक और उन्नत सेंसर से युक्त
  - क्रू क्षमता: +250
- INS तमाल के बाद कोई विदेशी युद्धपोत नहीं खरीदा जाएगा।

# तकनीक

### XChat: एलन मस्क का नया मैसेजिंग प्लेटफॉर्म

- लॉन्च तारीख: 2 जून 2025 (बीटा संस्करण)
- प्लेटफॉर्म: X (पूर्व में ट्विटर)
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - व्हाट्सएप, टेलीग्राम और वीचैट को प्रतिस्पर्धा देना
  - X के सुपर ऐप विज़न का हिस्सा बनना (मैसेजिंग + भुगतान + AI)
- **प्रमुख सुविधाएं:**
  - सुरक्षित संचार
  - मल्टीमीडिया सपोर्ट
  - क्रॉस-प्लेटफॉर्म कॉलिंग
  - स्वतंत्र और निजी मैसेजिंग इकोसिस्टम

### IIT गुवाहाटी की क्ले आधारित कोविड19- जांच तकनीक

- तकनीक: क्ले सेडिमेंटेशन आधारित
- प्रमुख तत्व: बेंटोनाइट क्ले
- **विशेषताएं:**
  - सस्ती, सटीक और PCR की तुलना में सरल
  - नमक युक्त वातावरण में वायरस कणों से जुड़ने की क्षमता
  - प्रकाशन: Applied Clay Science जर्नल

### समुद्र में घुलने वाला प्लास्टिक

- विकासकर्ता: जापानी वैज्ञानिक
- **मुख्य विशेषता:**
  - समुद्र के खारे पानी में पूर्णतः घुल जाता है
  - हानिकारक अवशेष नहीं छोड़ता
  - सामान्य प्लास्टिक जितना मजबूत, लेकिन पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल

### भारत में स्टारलिंक को मिला सैटेलाइट इंटरनेट लाइसेंस

- लाइसेंस प्रदाता: भारत सरकार
- **उद्देश्य:** ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाना
- साझेदारी: मार्च 2025 में जियो और एयरटेल ने स्पेसएक्स से करार किया
- **तकनीकी जानकारी:**
  - LEO (Low Earth Orbit) में ~450 किमी ऊँचाई पर कार्यरत
  - लो-लेटेंसी, हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवा
  - 7,000+ उपग्रहों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी LEO नेटवर्क

### भारत में नैनो-कप तकनीक से कैंसर उपचार

- तकनीक: गोल्ड नैनो-कप्स + फोटोथर्मल थेरेपी (PTT)
- **उपयोग:**
  - NIR लाइट से गर्मी उत्पन्न → कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करती है
  - खासतौर पर मेटास्टैटिक ब्रेस्ट कैंसर में प्रभावी
  - कीमोथेरेपी से कम दर्दनाक और अधिक प्रभावशाली
- **संस्थान:**
  - INST मोहाली (DST के तहत)
  - IIT बॉम्बे
  - ACTREC – टाटा मेमोरियल सेंटर
- प्रकाशन: Communications Chemistry (Nature ग्रुप की पत्रिका)




# अभ्यास

### नोमैडिक एलीफेंट – 2025

- प्रकार: भारत–मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास
- संस्करण: 17वां
- समय: 31 मई – 13 जून 2025
- स्थान: उलानबटार, मंगोलिया
- **उद्देश्य:**
  - संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों हेतु अंतरसंचालन क्षमता बढ़ाना
  - अर्ध-शहरी/पहाड़ी क्षेत्रों में संयुक्त बल संचालन का अभ्यास

### टाइगर क्लॉ – 2025

- भारत (गरुड़) – अमेरिका (USAF स्पेशल फोर्स) का पहला संयुक्त वायु विशेष बल अभ्यास
- समय: 26 मई – 10 जून 2025
- स्थान: उत्तर भारत

- **भारत-अमेरिका के अन्य सैन्य अभ्यास:**
  - वज्र प्रहार: थल सेना विशेष बल
  - संगम: नौसेना विशेष बल (MARCOs & SEALs)
  - कोप इंडिया: वायुसेना संयुक्त युद्धाभ्यास

**शक्ति – 2025**

- प्रकार: भारत–फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास
- संस्करण: 8वां
- समय: 18 जून – 1 जुलाई 2025
- स्थान: ला कैवेलरी, फ्रांस
- **भारत-फ्रांस के अन्य अभ्यास:**
  - FRINJEX: सेना
  - गरुड़: वायुसेना

**खान क्वेस्ट – 2025**

- प्रकार: बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास
- समय: 14 – 28 जून 2025
- स्थान: उलानबटार, मंगोलिया
- भारत की भागीदारी: 40 सदस्यीय सैन्य टुकड़ी
- **उद्देश्य:** संयुक्त राष्ट्र चार्टर (अध्याय VII) के अंतर्गत शांति अभियानों हेतु बहुपक्षीय सहयोग क्षमता का विकास

# 6. खेल परिदृश्य

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025




- विजेता: दक्षिण अफ्रीका
- स्थान: लॉर्ड्स, इंग्लैंड
- फाइनल परिणाम: दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया
- **ऐतिहासिक जीत:**
  - दक्षिण अफ्रीका की पहली विश्व चैंपियनशिप जीत किसी भी फॉर्मेट में
  - 1998 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहला ICC खिताब
- प्लेयर ऑफ द मैच: ऐडन मार्करम
- **पिछली WTC विजेता टीमें:**
  - 2019–21: न्यूजीलैंड (भारत को हराया)
  - 2021–23: ऑस्ट्रेलिया (भारत को हराया)

### ISSF विश्व कप – म्यूनिख 2025

- आयोजन: 8–15 जून 2025, म्यूनिख (जर्मनी)
- भारत का स्थान: तीसरा (4 पदक)
- आयोजक: ISSF (International Shooting Sport Federation)

**भारत के पदक विजेता**

- **स्वर्ण (2):**
  - सुरुचि सिंह – महिला 10m एयर पिस्टल
  - आर्य बोरसे / अर्जुन बाबूता – 10m एयर राइफल मिश्रित टीम
- **कांस्य (2):**
  - शिफ्ट कौर समरा – महिला 50m राइफल 3 पोजीशन
  - एलावेनिल वलारिवन – महिला 10m एयर राइफल

**शीर्ष 5 देश (पदक तालिका)**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | नॉर्वे | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 3 | भारत | 2 | 0 | 2 | 4 |
| 4 | AIN (न्यूट्रल एथलीट्स) | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 5 | फ्रांस | 1 | 1 | 0 | 2 |

### भारत का 2025 ISSF सीज़न प्रदर्शन (अब तक)

- ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना): 8 पदक → 2nd स्थान
- लीमा (पेरू): 7 पदक → 3rd स्थान
- अगला टूर्नामेंट: निंगबो, चीन | 7–15 सितंबर 2025

### तीरंदाजी एशिया कप 2025 – चरण 2 (सिंगापुर)

- स्थान: सिंगापुर
- तारीख: 15–20 जून 2025
- **भारत का प्रदर्शन:** 9 पदक (2 स्वर्ण, 6 रजत, 1 कांस्य)
  - पदक तालिका में पहला स्थान

| | |
|---|---|
| **स्वर्ण पदक** | • कुशल दलाल – पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा<br>• तेजल साल्वे – महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा |
| **रजत पदक** | • शनमुखी नागा साई बुड्डे - महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा<br>• कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर नितिन अपार - पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा<br>• विष्णु चौधरी, पारस हुडा और जुयेल सरकार - पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा<br>• शनमुखी नागा साई बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का नीलकुमार थोकल - महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा<br>• कुशल दलाल और शनमुखी नागा साई बुड्डे - मिश्रित मिश्रित टीम स्पर्धा<br>• विष्णु चौधरी और वैष्णवी बाबाराव पवार - रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा |
| **कांस्य पदक** | सचिन चेची - पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा |

**शीर्ष 5 देश – पदक तालिका**

| रैंक | देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | इंडोनेशिया | 2 | 1 | 2 | 5 |
| 3 | कजाखस्तान | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 4 | जापान | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 5 | चीन | 1 | 1 | 0 | 2 |

### ICC महिला वनडे विश्व कप 2025

- स्थान: भारत और श्रीलंका (संयुक्त मेज़बानी)
- तारीख: 30 सितंबर – 2 नवंबर 2025
- पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में होंगे
- सबसे सफल टीम: ऑस्ट्रेलिया (7 बार विजेता)

### ICC महिला T20 विश्व कप 2026

- आयोजन: इंग्लैंड
- तारीख: 12 जून – 5 जुलाई 2026
- सबसे सफल टीम: ऑस्ट्रेलिया (6 बार विजेता)

## गुइमारेस ITF टेनिस टूर्नामेंट 2025

- आयोजन स्थल: गुइमारेस, पुर्तगाल
- श्रेणी: मिड-लेवल पेशेवर ITF टूर्नामेंट
- भारत की अंकिता रैना और फ्रांस की एलिस रोबे की जोड़ी ने जापान की हिरोमी अबे और कनाको मोरिसाकी को हराकर डबल्स खिताब जीता।
- **अंकिता रैना के करियर आँकड़े:**
  - डबल्स खिताब: 32
  - एकल खिताब: 11
  - वर्ष 2025 में डबल्स खिताब: 3 (गुइमारेस खिताब सहित)

## यू मुंबा TT की पहली UTT चैंपियनशिप जीत

- टीम ने 2025 की अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग में जयपुर पैट्रियट्स को 8-4 से हराया।
- फाइनल मुकाबला अहमदाबाद में हुआ; यह UTT का छठा संस्करण था।
- हरमीत देसाई को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और कप्तान बर्नडेट स्जोक्स को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।
- UTT की स्थापना 2017 में हुई थी और यह टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (TTFI) के अधीन आयोजित होती है।

## चेन्नई को हॉकी इंडिया मास्टर्स कप की मेज़बानी

- तारीख: 18 से 27 जून 2025
- स्थान: मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम, चेन्नई
- उद्देश्य: पूर्व अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक भारतीय हॉकी खिलाड़ियों के लिए
- **वर्गीकरण:**
  - पुरुष: 40 वर्ष से ऊपर
  - महिला: 35 वर्ष से ऊपर
- यह वरिष्ठ वर्ग के लिए भारत का पहला राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट होगा।

## डुप्लांटिस का नया पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड

- दिनांक: 15 जून 2025
- स्थान: डायमंड लीग, स्टॉकहोम
- प्रदर्शन: 6.28 मीटर की छलांग
- यह 12वीं बार है जब स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

## क्लब वर्ल्ड कप 2025

- आयोजन अवधि: 14 जून से13 जुलाई 2025, अमेरिका में
- टीमों की संख्या: 20 देशों की कुल 32 क्लब टीमें
- पहली बार विस्तृत आयोजन: इससे पहले सिर्फ 7 टीमें भाग लेती थीं; यह पहली बार है जब टूर्नामेंट इतने बड़े पैमाने पर आयोजित होगा।
- आयोजन चक्र: अब यह हर 4 साल में एक बार होगा; अगला संस्करण 2029 में
- **प्रतिभागी क्लबों की सीमाएं:**
  - एक देश से अधिकतम 2 क्लब
  - एक महाद्वीप से अधिकतम 4 क्लब
  - एशिया से भाग लेने वाले क्लब: अल हिलाल, उरावा रेड डायमंड्स, अल ऐन, उल्सान

## प्रियंका गोस्वामी की जीत – ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप

- स्थान: इंसब्रुक, ऑस्ट्रिया
- प्रदर्शन: 10 किमी रेस वॉक में समय – 47 मिनट 54 सेकेंड
- परिणाम: पहला स्थान, यह इस सीज़न की उनकी पहली जीत है
- **पुरुष वर्ग:**
  - संदीप कुमार– 35 किमी में दूसरा स्थान (2:38:45)
  - राम बाबू – 35 किमी में तीसरा स्थान (2:41:47)

## अरविंद चिथंबरम की जीत – स्टेपान अवग्यान मेमोरियल

- स्थान: जर्मुक, आर्मेनिया
- टूर्नामेंट: 6वां स्टेपान अवग्यान मेमोरियल
- प्रदर्शन: 9 राउंड में 6.5 अंक
- विजेता निर्धारण: सोनबोर्न-बर्जर प्रणाली द्वारा
- उपलब्धि: वर्ष 2025 में अरविंद का यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय खिताब; इससे पहले प्राग चेस फेस्टिवल मास्टर्स भी जीता था

## इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन 2025

- आयोजन अवधि: 3–8 जून 2025, जकार्ता
- **विजेता:**

| वर्ग | विजेता |
|---|---|
| पुरुष एकल | एंडर्स एंटोनसेन (डेनमार्क) |
| महिला एकल | आन से-यॉन्ग (चीन) |
| पुरुष डबल्स | किम वोन-हो और सियो सियुंग-जे (दक्षिण कोरिया) |
| महिला डबल्स | लियू शेंगशु और टैन निंग (चीन) |
| मिक्स्ड डबल्स | थॉम गिक्वेल और डेल्फ़िन डेलरू (फ्रांस) (फ्रांस का पहला सुपर 1000 खिताब) |

## फ्रेंच ओपन 2025

- आयोजन स्थल: स्टेड रोलैंड गैरोस, पेरिस | तारीख: 25 मई – 8 जून
- **विजेता:**

| श्रेणी | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | कार्लोस अल्काराज़ (स्पेन) | जानिक सिनर (इटली) |
| महिला एकल | कोको गॉफ (अमेरिका) | आर्यना सबालेंका (बेलारूस) |
| पुरुष युगल | मार्सेल ग्रानोलर्स (स्पेन) / होरासियो जेबायोस (अर्जेंटीना) | जो सालिसबरी (ब्रिटेन) / नील स्कुप्स्की (ब्रिटेन) |
| महिला युगल | सारा एर्रानी (इटली) / जैस्मिन पाओलिनी (इटली) | अन्ना डानिलिना (कज़ाख़स्तान)/ अलेक्ज़ांड्रा क्रुनिक (सर्बिया) |
| मिश्रित युगल | सारा एर्रानी (इटली) / आंद्रेया वावासोरी (इटली) | टेलर टाउनसेंड (अमेरिका) / इवान किंग (अमेरिका) |

### UEFA नेशंस लीग 2025 – पुर्तगाल की जीत

- फाइनल: 8 जून 2025, एलियंज एरिना (म्यूनिख)
- परिणाम: पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया
- निर्णायक पेनल्टी: रूबेन नेवेस
- उपलब्धि: पुर्तगाल दो बार (2019, 2025) खिताब जीतने वाली पहली टीम बना

### एम.एस. धोनी को ICC हॉल ऑफ फेम सम्मान

- धोनी 11वें भारतीय क्रिकेटर बने जिन्हें यह सम्मान मिला
- 2025 में शामिल कुल 7 खिलाड़ी:
- पुरुष: महेंद्र सिंह धोनी (भारत), हाशिम अमला, मैथ्यू हेडन, ग्राहम स्मिथ, डेनियल विटोरी
- महिला: सना मीर, सारा टेलर

### अनाहत सिंह को PSA के दो पुरस्कार

- भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने 2025 PSA अवार्ड्स में दो सम्मान प्राप्त किए:
  1. वूमेन्स चैलेंजर प्लेयर ऑफ द सीजन
  2. वूमेन्स यंग प्लेयर ऑफ द सीजन (संयुक्त रूप से मिस्र की अमीना ओरफी के साथ)
- 2024–25 सीज़न में अनाहत ने 11 में से 9 खिताब जीते और 29 मैचों में अपराजित रहीं।
- PSA (प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन) वैश्विक प्रोफेशनल स्क्वैश सर्किट का संचालन करती है और हर वर्ष ये पुरस्कार प्रदान करती है।

### ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2025 – भारत का प्रदर्शन

- आयोजन: 7–8 जून 2025, चीनी ताइपे
- भारत के कुल पदक: 16 (12 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य)

| क्र.सं. | खिलाड़ी/टीम नाम | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|---|
| 1 | ज्योति याराजी | महिला 100 मीटर बाधा दौड़ | स्वर्ण पदक, (12.99 सेकेंड सेकेंड में रेस पूरी की) |
| 2 | तेजस शिरसे | पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ | स्वर्ण पदक |
| 3 | पूजा | महिला 1500 मीटर दौड़ | स्वर्ण पदक, चैंपियनशिप रिकॉर्ड |
| 4 | महिला रिले टीम (सुधीक्षा, अभिनया, स्नेहा, नित्या) | महिला 100 मीटर रिले | स्वर्ण पदक, चैंपियनशिप रिकॉर्ड |
| 5 | पुरुष रिले टीम (गुरिंदरवीर, अनिमेष, मणिकंट, अमलान) | पुरुष 100 मीटर रिले | स्वर्ण पदक |
| 6 | अब्दुल्ला अबूबकर | पुरुष ट्रिपल जंप | स्वर्ण पदक |
| 7 | अन्नू रानी | महिला भाला फेंक | स्वर्ण पदक (56.82 मीटर) |
| 8 | रोहित यादव | पुरुष भाला फेंक | स्वर्ण पदक (74.42 मीटर) |
| 9 | विथ्या रामराज | महिला 400 मीटर बाधा दौड़ | स्वर्ण पदक |
| 10 | कृष्ण कुमार | पुरुष 800 मीटर दौड़ | स्वर्ण पदक |
| 11 | भारतीय पुरुष रिले टीम (संतोष कुमार तमिलारासन, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस) | 400 मीटर रिले | स्वर्ण पदक |
| 12 | पूजा | महिला 800 मीटर दौड़ | स्वर्ण पदक |
| 13 | ट्विंकल चौधरी | महिला 800 मीटर दौड़ | रजत पदक |
| 14 | यशस पलाक्ष | पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ | रजत पदक |
| 15 | शैली सिंह | महिला लंबी कूद | रजत पदक |
| 16 | एंसी सोजन | महिला लंबी कूद | कांस्य पदक |

### RCB की पहली IPL खिताबी जीत (2025)

- स्थान: नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद
- तारीख: 3 जून 2025
- फाइनल मुकाबला: रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) बनाम पंजाब किंग्स
- RCB ने 6 रन से जीत दर्ज की और पहली बार IPL ट्रॉफी जीती।

**फाइनल व सीज़न 2025 के प्रमुख पुरस्कार:**

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| फाइनल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी | क्रुणाल पांड्या (RCB) |
| ऑरेंज कैप (सबसे ज्यादा रन) | साई सुदर्शन (गुजरात टाइटन्स) – 759 रन |
| पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट) | प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात टाइटन्स) – 25 विकेट |
| सबसे मूल्यवान खिलाड़ी | सूर्य कुमार यादव (मुंबई इंडियंस) |
| उभरता हुआ खिलाड़ी | साई सुदर्शन (गुजरात टाइटन्स) |
| कैच ऑफ द सीजन | कामिंडू मेंडिस (SRH) – ब्रेविस का कैच |
| सबसे ज्यादा चौके | साई सुदर्शन – 88 चौके |
| सबसे ज्यादा छक्के | निकोलस पूरन (लखनऊ सुपरजायंट्स) – 40 छक्के |
| फेयर प्ले अवार्ड | चेन्नई सुपर किंग्स |

### नॉर्वे चेस 2025 – पुरुष वर्ग

- विजेता: मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) – 16 अंक, 7वीं बार खिताब जीता
- दूसरा स्थान: फेबियानो कारुआना (अमेरिका) – 15.5 अंक
- तीसरा स्थान: डी. गुकेश (भारत) – 15.5 अंक
- पांचवां स्थान: अर्जुन एरिगैसी (भारत) – 12.5 अंक

### नॉर्वे चेस 2025 – महिला वर्ग

- विजेता: अन्ना मुजिचुक (यूक्रेन) – 16.5 अंक, पूरे टूर्नामेंट में अजेय
- तीसरा स्थान: कोनेरू हंपी (भारत) – 15 अंक

### विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025

- स्थान: गुवाहाटी, असम
- टीम मुकाबले: 6–11 अक्टूबर
- व्यक्तिगत स्पर्धाएं: 13–19 अक्टूबर
- आयोजक: BWF और भारतीय बैडमिंटन संघ (BAI)

### तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी

- घोषणा: भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला अब «तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी» के नाम से जानी जाएगी
- नई श्रृंखला की शुरुआत: 20 जून 2025, हेडिंग्ले, इंग्लैंड

### पीयूष चावला ने क्रिकेट से संन्यास लिया

- पूर्व भारतीय लेग स्पिनर, सभी प्रारूपों से संन्यास
- **उपलब्धियां:**
    - 2007 T20 और 2011 ODI विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा
    - अंतरराष्ट्रीय करियर: 3 टेस्ट, 25 वनडे, 7 T20 – 43 विकेट
    - प्रथम श्रेणी क्रिकेट: 137 मैच, 446 विकेट

### स्पेनिश ग्रैंड प्रिक्स 2025 – ऑस्कर पियास्त्री की जीत

- विजेता: ऑस्कर पियास्त्री – 2025 में पाँचवीं जीत, कुल 7 पोडियम
- स्थान: सर्किट डी बार्सिलोना-कैटालुन्या (नाइट रेस)
- चैंपियनशिप पॉइंट्स: 186 (शीर्ष पर)
- **अन्य पोडियम फिनिशर:**
    - दूसरा स्थान: लैंडो नोरिस
    - तीसरा स्थान: चार्ल्स लेक्लर

### उलानबटार ओपन 2025 – कुश्ती रैंकिंग सीरीज़

- तारीख: 29 मई – 1 जून | स्थान: उलानबटार, मंगोलिया
- भारत का प्रदर्शन: 21 पदक (6 स्वर्ण, 7 रजत, 8 कांस्य)
- अगली रैंकिंग सीरीज़: 17–20 जुलाई, बुडापेस्ट, हंगरी

**भारतीय पदक विजेता:**

- **स्वर्ण पदक:**
    - रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), नेहा सांगवान (57 किग्रा),
    - मुस्कान (59 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा), अनिल मोर (GR, 55 किग्रा)
- **रजत पदक:**
    - शिक्षा, पुष्पा, उदित गुलिया, दीपक पुनिया, सूरज, प्रिंस, नितेश
- **कांस्य पदक:**
    - नीलम, अमन सहरावत, विक्की, अमित, करण कम्बोज, नीरज, जयदीप, निशांत फोगट

### 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025

- तारीख: 27–31 मई | स्थान: गुमी, दक्षिण कोरिया
- भारत: कुल 24 पदक (8 स्वर्ण, 10 रजत, 6 कांस्य) – पदक तालिका में दूसरा स्थान
- स्टार एथलीट: गुलवीर सिंह (10,000 मीटर और 5,000 मीटर – दो स्वर्ण)
- **स्वर्ण पदक विजेता:**
    - गुलवीर सिंह (2 स्पर्धाएं), अविनाश साबले, संतोष-रूपल-विशाल-सुभा (मिश्रित रिले),
    - ज्योति याराजी, पूजा सिंह, जिस्ना-रूपल-कुंजा-सुभा (4x400 महिला), नंदिनी अगासरा
- **रजत पदक विजेता:**
    - रूपल चौधरी, पूजा, एंसी सोजन, पारुल चौधरी (दो पदक),
    - सरबानी व टीम (4x100), प्रवीण चित्रवेल, तेजस्विन शंकर, पुरुष 4x400 टीम, सचिन यादव
- **कांस्य पदक विजेता:**
    - विथ्या रामराज, शैली सिंह, यूनुस शाह, अनिमेष कुजूर, सेर्विन सेबेस्टियन

### शीर्ष 5 देशों की पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 19 | 9 | 4 | 32 |
| 2 | भारत | 8 | 10 | 6 | 24 |
| 3 | जापान | 5 | 11 | 12 | 28 |
| 4 | कजाखस्तान | 3 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | कतर | 3 | 1 | 2 | 6 |

### यूईएफए चैंपियंस लीग 2025 – PSG की ऐतिहासिक जीत

- फाइनल: 31 मई 2025, म्यूनिख (जर्मनी)
- परिणाम: पेरिस सेंट-जर्मेन (PSG) ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया
- **PSG का पहला खिताब**
    - डेजायर डू (उम्र 19) – दो गोल और 'प्लेयर ऑफ द फाइनल'
    - सबसे कम उम्र में फाइनल में गोल करने वाले खिलाड़ी बने
- **यूईएफए चैंपियंस लीग**
    - शुरुआत: 1955–56 (यूरोपीय चैंपियन क्लब कप)
    - नया नाम: 1992–93 से
    - स्पेनिश क्लब अब तक 20 बार विजेता

### दूसरी एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025

- तिथि व स्थान: 23–26 जून 2025, एरिना एमास, कुचिंग (मलेशिया)
- भारत के खिताब: 3 (महिला, मिश्रित, पुरुष युगल)
- **महिला युगल**
    - खिलाड़ी: अनाहत सिंह (17 वर्ष), जोशना चिनप्पा
    - फाइनल: मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन यिंग को 2-1 (8-11, 11-9, 11-10) से हराया
    - उपलब्धि: पहली बार किसी भारतीय जोड़ी ने महिला युगल खिताब जीता

- **मिश्रित युगल**
  - खिलाड़ी: अनाहत सिंह और अभय सिंह
  - फाइनल: मलेशिया की अमीषा राज चंद्रन और रेचल अर्नोल्ड को 2-0 (11-9, 11-7) से हराया
  - पूर्व उपलब्धि: 2023 एशियाई खेलों में इस जोड़ी ने कांस्य पदक जीता था
- **पुरुष युगल**
  - खिलाड़ी: अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार
  - फाइनल: पाकिस्तान की नूर जमान और नासिर इकबाल को 2-1 (9-11, 11-5, 11-5) से हराकर खिताब बरकरार रखा

**नीरज चोपड़ा: जून 2025 में दो स्वर्ण पदक**

1. **ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025**

- तिथि व स्थान: 24 जून 2025, मेस्टस्की स्टेडियम, चेकिया
- इवेंट: भाला फेंक
- थ्रो: 84.12 मीटर
- पदक: स्वर्ण
- डोव स्मिट (द. अफ्रीका): 84.12 मी (दूसरा स्थान)
- एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा): 83.63 मी (तीसरा स्थान)

2. **पेरिस डायमंड लीग 2025**

- तिथि: 20 जून 2025
- थ्रो: 88.16 मीटर (पहले प्रयास में)
- **उपलब्धि:**
  - जून 2023 के बाद पहली डायमंड लीग जीत
  - दो वर्षों में पहला बड़ा खिताब

**शीर्ष तीन खिलाड़ी:**

1. नीरज चोपड़ा (भारत): 88.16 मी
2. जूलियन वेबर (जर्मनी): 87.88 मी
3. लुइज़ मौरिसियो दा सिल्वा (ब्राज़ील): 86.62 मी

**ललित उपाध्याय का अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास**

- घोषणा: बेल्जियम के खिलाफ FIH प्रो लीग में भारत की 4–3 जीत के बाद
- स्थान: वाराणसी, उत्तर प्रदेश
- **मुख्य उपलब्धियाँ:**
  - 179+ अंतरराष्ट्रीय मैच, 40+ गोल
  - ओलंपिक कांस्य पदक: टोक्यो 2020, पेरिस 2024
  - एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: स्वर्ण (2016, 2018)
  - अर्जुन पुरस्कार: 2021

**ऋषभ पंत की ऐतिहासिक टेस्ट उपलब्धि (हेडिंग्ले टेस्ट)**

- दोनों पारियों में शतक: 134 और 118 रन
- टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर
- विश्व में दूसरे विकेटकीपर (पहले: एंडी फ्लावर)
- 252 रन: भारतीय विकेटकीपर द्वारा एक टेस्ट में सर्वाधिक रन
- मैच में 5 भारतीय बल्लेबाज़ों के शतक:
  - यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋषभ पंत (1st पारी)
  - केएल राहुल, ऋषभ पंत (2nd पारी)

**12वीं विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025**

- तिथि व स्थान: 27 सितम्बर – 5 अक्टूबर 2025, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली
- भारत की पहली मेज़बानी इस आयोजन की
- शुभंकर: "विराज" – कृत्रिम ब्लेड के साथ युवा हाथी
- लोगो और शुभंकर का अनावरण: भारतीय पैरालंपिक समिति
- अध्यक्ष: देवेंद्र झाझरिया
- ब्रांड एंबेसडर: कंगना रनौत
- कुल स्पर्धाएँ: 186 पदक स्पर्धाएँ
- एशिया में मेज़बान बनने वाला चौथा शहर: दोहा (2015), दुबई (2019), कोबे (2024), नई दिल्ली (2025)

**एशियाई पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025**

- तिथि व स्थान: 17–22 जून 2025, थाईलैंड
- भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
- कुल पदक: 27 (4 स्वर्ण, 10 रजत, 13 कांस्य)
- पूर्व सर्वश्रेष्ठ: 2016 बीजिंग – 13 पदक

**स्वर्ण पदक विजेता:**

1. नितेश कुमार – पुरुष एकल (SL3)
2. मनीशा रामदास – महिला एकल (SU5)
3. नितेश कुमार व तुलशिमती मुर्गेसन – मिश्रित युगल (SL3-SU5)
4. नितेश कुमार व सुकांत कदम – पुरुष युगल (SL3-SL4)

**नोट:** नितेश कुमार ने 3 स्वर्ण जीतकर सबसे सफल खिलाड़ी बने

**कार्लोस अल्काराज – क्वींस क्लब खिताब 2025 विजेता**

- देश: स्पेन
- **फाइनल परिणाम:** जिरी लेहेका को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराया
- यह उनका दूसरा क्वींस क्लब खिताब (पहला: 2023)

# 7. पुरस्कार एवं सम्मान

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान**

- साइप्रस ने 16 जून 2025 को पीएम मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III से सम्मानित किया।
- यह साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है
- यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बने

**वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को दिए गए देशों के सर्वोच्च सम्मान**

- **ग्रैंड क्रॉस ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ मकारियोस III (साइप्रस) (16 जून 2025)**
  - यह पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय।
- **मित्र विभूषण पुरस्कार (श्रीलंका) (5 अप्रैल 2025)**
  - यह पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय हैं।
- **ग्रैंड कमांडर ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ द स्टार एंड की ऑफ़ द इंडियन ओशन (मॉरीशस) (12 मार्च 2025)**
  - यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय और 5वें विदेशी नेता हैं।

**साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2025**

- घोषणा: 18 जून 2025 | कुल विजेता: 23 लेखक
- डोगरी भाषा में इस वर्ष कोई पुरस्कार नहीं
- पुरस्कार में: ₹50,000 और ताम्रफलक
- आयु सीमा: 35 वर्ष से कम (1 जनवरी 2025 तक)

**साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2025 (प्रमुख)**

| भाषा | पुस्तक का नाम (विधा) | लेखक का नाम |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | सिद्धार्थ: द ब्यॉय हू बिकेम द बुद्ध (उपन्यास) | अद्वैत कोट्टरी |
| हिंदी | फिर उगना (कविता) | पार्वती तिर्की |
| राजस्थानी | अंतस रै आंगणे (कविता) | पूनम चंद गोदारा |
| संस्कृत | पारिभाषिक शब्द स्वारस्यम् (वेदान्त परिभाषा सन्दर्भे) (आलोचना) | धीरज कुमार पाण्डेय |
| उर्दू | मज़हरुल हक़: तारीक़-ए-आज़ादी-ए-हिंद: हिंद का फ़रामोश कर्दा कायद (उपन्यास) | नेहा रुबाब |

**साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025**

- घोषणा: 18 जून 2025 | कुल विजेता: 24 लेखक
- योग्यता: पुस्तक का प्रकाशन 1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2023 के बीच हुआ हो
- पुरस्कार में: ₹50,000 और ताम्रफलक

**साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025 (प्रमुख)**

| भाषा | शीर्षक एवं विधा | लेखक |
|---|---|---|
| हिंदी | एक बटे बारह (कहानी) | सुशील शुक्ल |
| अंग्रेज़ी | दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड (कहानी) | नितिन कुशलप्पा एमपी |
| राजस्थानी | पंखेरुवं नी पीड़ा (नाटक) | भोगीलाल पाटीदार |
| संस्कृत | बालविश्वम् (कविता) | प्रीति पुजारा |
| उर्दू | कौमी सितारे (लेख) | राज़नफ़र इकबाल |

**'देसी ऊन' – पहली भारतीय एनिमेशन फिल्म को एनेसी जूरी पुरस्कार**

- **पुरस्कार:** एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फेस्टिवल 2025 – सर्वश्रेष्ठ कमीशन्ड फिल्म के लिए जूरी पुरस्कार
- निर्माता: स्टूडियो Eeksaurus, मुंबई
- निर्देशक: सुरेश एरियात
- थीम: डेक्कनी भेड़ों, बुनकरों और ऊन उद्योग की पारंपरिक जीवनशैली पर आधारित
- स्थान व तिथि: एनेसी, फ्रांस | 8–14 जून 2025

**'भगवान बिरसा मुंडा पुरस्कार' – सिकल सेल शोध हेतु**

- घोषणा: भारत सरकार द्वारा सिकल सेल रोग अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु
- उद्देश्य: सिकल सेल के इलाज पर नवाचार व अनुसंधान को प्रोत्साहन
- अनुदान राशि: प्रति स्वीकृत परियोजना पर अधिकतम ₹10 करोड़
- **नई पहल:**
  - एम्स दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना
- **सिकल सेल रोग**
  - प्रकृति: आनुवंशिक रक्त विकार
  - लक्षण: लाल रक्त कोशिकाएं हंसिए के आकार की होती हैं
  - प्रभाव: ऑक्सीजन आपूर्ति में बाधा, एनीमिया, और अंगों को नुकसान

**डॉ. सोनल मानसिंह को 2023 श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार**

- तिथि व स्थान: 12 जून 2025, गुवाहाटी (असम)
- सम्मान: कला और संस्कृति में योगदान के लिए
- **पुरस्कार में शामिल:** स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र, ₹5 लाख नकद, पारंपरिक असमिया जोराई.

**डॉ. सोनल मानसिंह**

- शास्त्रीय नृत्य: ओडिसी और भरतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना
- राजनीतिक भूमिका: पूर्व मनोनीत राज्यसभा सांसद
- **प्रमुख सम्मान:** पद्म विभूषण (2003), पद्म भूषण (1992), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1987)

**अलेक्जेंडर पायने को लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल 2025 का मानद तेंदुआ पुरस्कार**

- पुरस्कार: Pardo d'onore (मानद तेंदुआ)
- घोषणा: लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल द्वारा
- सम्मानित व्यक्ति: अलेक्जेंडर पायने – अमेरिकी फिल्म निर्देशक, लेखक और निर्माता
- उद्देश्य: अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उनके प्रभावशाली और दीर्घकालिक योगदान की सराहना

**राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कार 2025 – नई ग्राम पंचायत श्रेणी**

- नई श्रेणी: ग्राम पंचायतों में सेवा वितरण को विस्तृत करने के लिए जमीनी पहल
- संगठन: प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग + पंचायती राज मंत्रालय
- उद्देश्य: डिजिटल नवाचार से ग्राम स्तर पर पारदर्शी व नागरिक-केंद्रित सेवाएं बढ़ाना
- **विजेता पंचायतें:**

| पुरस्कार | पंचायत | स्थान |
|---|---|---|
| स्वर्ण | रोहिणी ग्राम पंचायत | धुले, महाराष्ट्र |
| रजत | पश्चिम मजलिशपुर ग्राम पंचायत | पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा |
| जूरी पुरस्कार | पलसाना | सूरत, गुजरात |
| जूरी पुरस्कार | सुआकाती | केंदुझार, ओडिशा |

**प्रोत्साहन राशि:**

- स्वर्ण – ₹10 लाख
- रजत – ₹5 लाख
- ट्रॉफी और प्रमाण पत्र

**कुमार मंगलम बिड़ला को वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार**

- सम्मानित संस्था: USISPF (यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम)
- स्थान: वाशिंगटन डी.सी. | 8वां लीडरशिप समिट
- **सह-सम्मानित:**
  - अरविंद कृष्णा (IBM)
  - तोशियाकी हिगाशिहारा (Hitachi)
- कारण: यूएस-भारत आर्थिक संबंधों को सशक्त करने में योगदान
- **योगदान:**
  - आदित्य बिड़ला समूह द्वारा अमेरिका में 15 बिलियन डॉलर से अधिक निवेश
  - 15 राज्यों में उपस्थिति, 5,400+ नौकरियां सृजित

**जावेद अख्तर को 'दोस्तोवस्की स्टार अवॉर्ड'**

- सम्मानित संस्था: रूसी हाउस
- उद्देश्य: साहित्य और वैश्विक सांस्कृतिक संवाद में योगदान की सराहना
- सम्मान का नाम: दोस्तोवस्की स्टार अवॉर्ड
- यह पुरस्कार रूसी लेखक फ्योदोर दोस्तोवस्की की स्मृति में प्रदान किया जाता है
- उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने साहित्य या दर्शन में उल्लेखनीय योगदान दिया हो
- **जावेद अख्तर के अन्य प्रमुख सम्मान:** पद्मश्री (1999), पद्म भूषण (2007), साहित्य अकादेमी पुरस्कार (उर्दू), रिचर्ड डॉकिंस अवॉर्ड (2020), पाँच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

**सेरेना विलियम्स को 2025 का 'प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार'**

- सम्मान: Princess of Asturias Award (2025, खेल श्रेणी)
- प्राप्तकर्ता: सेरेना विलियम्स – टेनिस में अद्वितीय उपलब्धियों और सामाजिक योगदान के लिए
- पुरस्कार राशि: €50,000 (लगभग ₹47 लाख)

**प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार – प्रमुख तथ्य:**

